ज्ञानामृत

तुम अगर सूर्य के जीवन से
चले जाने पर चिल्लाओगे तो आँसू भरी
आँखें सितारे कैसे देखेंगी।

▶▶ रविंद्रनाथ टैगोर

राष्ट्र को समर्पित

# विजय मत

छत्तीसगढ़-मध्यप्रदेश से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com | रायपुर, शनिवार, 28 फरवरी 2026 | वर्ष- 09 | अंक- 60 | पेज- 08 | मूल्य- ₹1.00/-







## कृषक उन्नति योजना : मुख्यमंत्री आज करेंगे किसानों के खातों में राशि अंतरित

# किसानों की खुशहाली से ही विकसित भारत का लक्ष्य साकार होगा : साय

**विजय मत, रायपुर**

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि अन्नदाता देश की अर्थव्यवस्था की मजबूत रीढ़ है और किसानों की समृद्धि तथा खुशहाली से ही विकसित भारत का लक्ष्य साकार होगा। मुख्यमंत्री से उनके निवास कार्यालय में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए किसानों ने सौजन्य भेंट की और कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत धान के अंतर की 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित करने की घोषणा पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर किसानों ने पारंपरिक रूप से मुख्यमंत्री को धान से तौलकर अभिनंदन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाना राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सरकार ने निर्णय लिया है कि धान के समर्थन मूल्य और घोषित दर के अंतर की राशि 28 फरवरी को बिलासपुर जिले से किसानों के खातों में स्थानांतरित की जाएगी। यह प्रक्रिया पूरे प्रदेश में एक उत्सव की तरह आयोजित की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसानों के चेहरे पर मुस्कान लाना ही सरकार का उद्देश्य है।



### धान खरीदी में रिकॉर्ड उपलब्धि

मुख्यमंत्री ने जानकारी दी कि इस वर्ष राज्य में 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। राज्य सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है, जो देश में सर्वाधिक दरों में से एक है। उन्होंने कहा कि यह निर्णय किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि धान खरीदी की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और समयबद्ध हो।

### किसानों की आय बढ़ाने पर केंद्र का जोर

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय दोगुनी करने और कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के समय लागू की गई किसान क्रेडिट कार्ड योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे किसानों को कम ब्याज दर पर ऋण की सुविधा मिली और वे साहूकारों के शोषण से मुक्त हुए। अब राज्य में किसानों को ब्याज मुक्त पूंजी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे खेती की लागत कम हो रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सिंचाई योजना के माध्यम से खेतों तक पानी पहुंचाने के प्रयास तेज किए गए हैं। प्रदेश में सिंचाई का रकबा लगातार बढ़ रहा है, जिससे उत्पादन क्षमता में वृद्धि हो रही है। उन्होंने कहा कि कृषि को आधुनिक तकनीक से जोड़कर किसानों की आय में स्थायी वृद्धि सुनिश्चित की जा रही है।

### किसान सम्मान और प्रतिबद्धता

मुख्यमंत्री ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार उनके हितों की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों की उन्नति ही राज्य की प्रगति का आधार है। कृषक उन्नति योजना के तहत अंतर राशि का समय पर अंतरण किसानों के प्रति सरकार की संवेदनशीलता का प्रमाण है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में भी किसानों के हित में निर्णय लिए जाते रहेंगे।

## न्यूज इन शॉर्ट

### भारत बनेगा दुनिया का सबसे बड़ा सर्विस हब: एनएसई प्रमुख

**मुंबई, एजेंसी।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार चौहान ने कहा कि भारत 90 के दशक जैसी आईटी



₹ ांति को अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के क्षेत्र में दोहराने की क्षमता रखता है। उनके अनुसार आने वाले वर्षों में देश एआई सेवाओं का वैश्विक केंद्र बन सकता है। एक व्यावसायिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि भारत के पास बड़ी युवा आबादी, तकनीकी दक्षता और तेजी से बढ़ता डिजिटल ढांचा है, जो एआई क्षेत्र में नेतृत्व की मजबूत आधारशिला है।

### कोलकाता समेत कई शहरों में 5.4 तीव्रता के झटके, केंद्र बांग्लादेश में

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता सहित कई शहरों में शुक्रवार दोपहर करीब 1.20 बजे भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रिक्टर स्केल पर इसकी



तीव्रता 5.4 दर्ज की गई। झटके महसूस होते ही लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। रिपोर्ट्स के अनुसार भूकंप का केंद्र बांग्लादेश में था। यूरोपीय भूमध्यसागरीय भूकंपीय केंद्र (ईएमएससी) ने बताया कि 5.4 तीव्रता का यह भूकंप 35 किलोमीटर की गहराई पर दर्ज किया गया। वहीं ढाका स्थित भूकंपीय केंद्र ने भी इसकी पुष्टि की है। कोलकाता के विभिन्न इलाकों से सामने आए वीडियो में लोग एहतियातन खुले स्थानों की ओर जाते दिखाई दिए।

### समुद्री शक्ति में इजाफा, आईएनएस अंजदीप नौसेना में शामिल

**चेन्नई, एजेंसी।** भारतीय नौसेना को पनडुब्बी रोधी क्षमताओं को सुदृढ़ करने के लिए एक और अत्याधुनिक युद्धपोत मिल गया है। आठ उथले पानी में संचालन योग्य



पनडुब्बी रोधी पोतों की श्रृंखला का तीसरा जहाज आईएनएस अंजदीप 27 फरवरी को चेन्नई में औपचारिक रूप से नौसेना में शामिल किया गया। कमीशनिंग समारोह में नौसेना प्रमुख दिनेश कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। कोलकाता स्थित गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स द्वारा स्वदेशी रूप से डिजाइन और निर्मित यह पोत 80% से अधिक देशी सामग्री से बना है।

### फ्रांस में 12 लाख बैंक खातों का डेटा लीक

**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस में हुए एक बड़े साइबर हमले ने देश की बैंकिंग सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। हैकर्स ने सरकारी बैंक अकाउंट रजिस्ट्री सिस्टम में सेंध लगाकर करीब



12 लाख खातों का संवेदनशील डेटा चुरा लिया। घटना के बाद फ्रांसीसी सरकार ने अलर्ट जारी करते हुए नागरिकों को ऑनलाइन धोखाधड़ी से सतर्क रहने की सलाह दी है। यह हमला एफआईसीओबी डेटाबेस पर हुआ, जो फ्रांस का केंद्रीय राष्ट्रीय बैंक खाता रजिस्टर है। इसमें देश के सभी बैंक खातों का आधिकारिक रिकॉर्ड सुरक्षित रखा जाता है। वित्त मंत्रालय के अनुसार, हमलावरों ने किसी जटिल तकनीक के बजाय एक सरकारी कर्मचारी की लॉगिन आईडी और पासवर्ड चुराकर सिस्टम में प्रवेश किया।

## बाजार में घबराहट भरी बिकवाली

# सेंसेक्स 961 अंक टूटा, निफ्टी 318 अंक लुढ़का

### निवेशकों के 4.9 लाख करोड़ डूबे

**मुंबई, एजेंसी**

सप्ताह के अंतिम कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई, जिससे निवेशकों को बड़ा झटका लगा। प्रमुख सूचकांक लाल निशान में बंद हुए और कुल बाजार पूंजीकरण में लगभग 4.9 लाख करोड़ की कमी दर्ज



की गई। दिनभर बिकवाली का दबाव बना रहा और निवेशकों का रुख स्पष्ट रूप से सतर्क दिखाई दिया। बीएसई सेंसेक्स 961 अंक गिरकर लगभग 81,287 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 50 सूचकांक 318 अंक टूटकर करीब 25,178 पर आ गया। बैंकिंग, मध्यम आकार की कंपनियों और लघु कंपनियों के अधिकांश समूहों में गिरावट रही। अचल संपत्ति और धातु क्षेत्र में भी भारी दबाव देखने को मिला।

### 4.9 लाख करोड़ की पूंजी साफ

कारोबार के दौरान सूचीबद्ध कंपनियों के कुल बाजार मूल्य में लगभग ?4.9 लाख करोड़ की गिरावट दर्ज की गई। इसका सीधा असर खुदरा और संस्थागत निवेशकों की संपत्ति पर पड़ा। विदेशी संस्थागत निवेशकों की आक्रामक बिकवाली ने दबाव को और बढ़ाया।

### प्रमुख शेयरों में कमजोरी

बैंकिंग क्षेत्र के बड़े निजी और सार्वजनिक बैंक गिरावट में रहे। धातु क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों सहित कई बड़ी कंपनियों के शेयरों में गिरावट दर्ज की गई। मध्यम और लघु कंपनियों के समूहों में भी कमजोरी ने बाजार की नकारात्मक धारणा को और मजबूत किया।

## आबकारी नीति केस

# केजरीवाल-सिसोदिया को बड़ी राहत, सीबीआई ने की हाईकोर्ट में अपील



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बहुचर्चित आबकारी नीति से जुड़े कथित भ्रष्टाचार मामले में पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया तथा अन्य आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्रथम दृष्टया किसी आपराधिक षड्यंत्र का पर्याप्त आधार नहीं बनता। यह फैसला सीबीआई द्वारा दर्ज मामले में सुनाया गया। हालांकि केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में फिलहाल कोई राहत नहीं मिली है और उस प्रकरण में कानूनी प्रक्रिया जारी रहेगी।

# बिलासपुर : भीषण सड़क हादसे में चार की मौत, एक की हालत गंभीर

**विजय मत, ब्यूरो बिलासपुर।** गुररुवार देर रात रायपुर-रतनपुर नेशनल हाईवे पर एक भीषण सड़क हादसा हुआ। सकरी थाना क्षेत्र के संबलपुरी गांव में तेज रफ्तार ट्रेलर और स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर हो गई। इस दुर्घटना में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रात करीब 3 बजे हुआ जब ट्रेलर क्रमांक सीजी 11 बीडी 9044 अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड में चला गया। सामने से आ रही स्कॉर्पियो क्रमांक सीजी 04 एम क्यू 4220 को जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रेलर पास खड़े एक अन्य ट्रेलर से टकराकर पलट गया। स्कॉर्पियो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार लोग फंस गए। सकरी पुलिस और राहत टीम ने गैस कटर से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद फंसे लोगों को बाहर निकाला। तब तक चार लोगों की जान जा चुकी थी। मृतकों में छत्रपाल रात्रे (37), विशाल लहरें (25), अनमोल लहरें (14) और सोनू मिरी (28) शामिल हैं।

## ड्यूरंड रेखा पर बढ़ता सैन्य टकराव

# तालिबान का पलटवार, पाकिस्तान का दावा : 133 अफगान लड़ाके मारे, 200 से ज्यादा घायल

**काबुल/इस्लामाबाद, एजेंसी**



पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर तनाव ने अब खुले सैन्य टकराव का रूप ले लिया है। पाकिस्तान द्वारा 133 अफगान लड़ाकों के मारे जाने और 200 से अधिक के घायल होने का दावा किए जाने के बाद अफगानिस्तान में सत्तारूढ़ तालिबान ने जवाबी हमला शुरू कर दिया। सीमा के कई सेक्टरों में भारी गोलाबारी और तोपखाने के इस्तेमाल की पुष्टि हुई है, जिससे हालात युद्ध जैसे बन गए हैं। पाकिस्तानी अधिकारियों ने कहा कि हालिया कार्रवाई सीमा पार से हो रही घुसपैठ और हमलों के जवाब में की गई। उनका दावा है कि अफगान क्षेत्र में मौजूद ठिकानों को निशाना बनाया गया और कई ठिकाने ध्वस्त किए गए। पाकिस्तान ने यह भी कहा कि उसकी सेना उच्च सतर्कता पर है और किसी भी दुस्साहस का कड़ा जवाब दिया जाएगा। हालांकि स्वतंत्र एजेंसियों ने हताहतों के आंकड़ों की पुष्टि नहीं की है।

### हाईकोर्ट ने शंकराचार्य मामले में फैसला सुरक्षित रखा

**प्रयागराज, एजेंसी।** यौन उत्पीड़न के आरोपों का सामना कर रहे शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को इलाहाबाद हाईकोर्ट से अंतरिम राहत मिली है। अदालत ने उनकी गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक लगा दी है और अग्रिम जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से कड़ा विरोध दर्ज कराया गया और तर्क दिया गया कि आरोपी एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं, ऐसे में वे बाहर रहने पर जांच और गवाहों को प्रभावित कर सकते हैं।

### केरल हाईकोर्ट से 'द केरल स्टोरी 2' को राहत

**कोच्चि, एजेंसी।** केरल हाईकोर्ट ने फिल्म 'द केरल स्टोरी 2' की रिलीज पर लगी रोक को लेकर बड़ा फैसला सुनाया है। अदालत ने सिंगल जज के उस अंतरिम आदेश पर दो हफ्तों के लिए रोक लगा दी है, जिसमें फिल्म की रिलीज 15 दिनों के लिए स्थगित की गई थी। कोच्चि में शुर वार को जस्टिस सुश्रुत अरविंद धर्माधिकारी और जस्टिस पी. वी. बालकृष्णन की खंडपीठ ने यह आदेश फिल्म के निर्माता विपुल अमृतलाल शाह की अपील पर सुनाया। अपील देर गुरुवार रात दायर की गई थी, ठीक कुछ घंटों बाद जब फिल्म की रिलीज पर रोक लगाई गई थी।

### शिक्षकों की भर्ती : अक्टूबर-नवंबर में हो सकती है परीक्षाएं

**विजय मत, रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रदेश में 5000 शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि यह कदम युवाओं को रोजगार के अवसर देने और शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। मुख्यमंत्री के अनुसार भर्ती परीक्षाओं का आयोजन व्यापम द्वारा वर्ष 2026 में किया जाएगा। संभावित कार्यर म के तहत सहायक शिक्षक की परीक्षा 11 अक्टूबर 2026, शिक्षक की परीक्षा 25 अक्टूबर 2026 और व्याख्याता की परीक्षा 29 नवंबर 2026 को आयोजित की जाएगी।

## पश्चिम बंगाल मतदाता सूची पुनरीक्षण पर सुनवाई

# किसी भी संस्था को निर्देशों की सीमा से बाहर जाने की अनुमति नहीं : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी**



पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने स्पष्ट कहा कि न तो चुनाव आयोग और न ही राज्य सरकार शीर्ष अदालत के आदेशों से आगे जाएगी। अदालत ने दोहराया कि उसके निर्देश पूरी तरह स्पष्ट हैं और निर्धारित दायरे से बाहर कोई कदम स्वीकार नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने 20 फरवरी को एक 'असाधारण' निर्देश जारी करते हुए कहा था कि पश्चिम बंगाल में विवादित मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण के दौरान भारत निर्वाचन आयोग की सहायता के लिए सेवारत और सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीशों को तैनात किया जाए।

### न्यायिक अधिकारियों की निष्पक्षता पर भरोसा

सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से बताया गया कि चुनाव आयोग ने एसआईआर में तैनात न्यायिक अधिकारियों के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल जारी किया है। इस पर टिप्पणी करते हुए अदालत ने कहा कि उसे अपने न्यायिक अधिकारियों पर पूरा विश्वास है और वे किसी भी प्रकार के प्रभाव में नहीं आएंगे। अदालत ने स्पष्ट किया कि किन दस्तावेजों की जांच की जानी है।

**विजय मत एंकर** | हिन्दू कैलेंडर: पंचांग संतुलन के लिए जोड़ा गया अतिरिक्त कालखंड

# तीन वर्ष बाद विशेष संयोग, 13 माह का होगा वर्ष 2026

**नई दिल्ली, एजेंसी**

वर्ष 2026 आध्यात्मिक और खगोलीय दृष्टि से विशेष महत्व रखने वाला वर्ष माना जा रहा है। हिंदू पंचांग की गणना के अनुसार इस वर्ष ज्येष्ठ का महीना दो बार आएगा, जिसके कारण साल में 12 के स्थान पर कुल 13 महीने होंगे। 17 मई से 15 जून 2026 तक की अवधि को अधिक मास अथवा पुरुषोत्तम मास कहा जाएगा। यह अतिरिक्त महीना लगभग तीन वर्ष में एक बार आता है और पंचांग की गणना में संतुलन स्थापित करने का कार्य करता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह समय ईश्वर भक्ति, साधना और आत्मचिंतन के लिए अत्यंत पवित्र माना जाता है। विद्वानों का कहना है कि अधिक मास अशुभ नहीं, बल्कि आध्यात्मिक उन्नयन का विशेष अवसर है।




### सूर्य और चंद्र वर्ष के अंतर से जुड़ा वैज्ञानिक आधार

अधिक मास का संबंध खगोलीय गणना से है। एक चंद्र वर्ष लगभग 354 दिनों का होता है, जबकि सौर वर्ष 365 दिनों का। इस प्रकार प्रतिवर्ष लगभग 11 दिनों का अंतर रह जाता है। जब यह अंतर बढ़ते-बढ़ते लगभग 30 दिनों के बराबर हो जाता है, तब पंचांग में संतुलन बनाए रखने के लिए एक अतिरिक्त महीना जोड़ा जाता है। इसी वैज्ञानिक और गणितीय प्रक्रिया के चलते 2026 में ज्येष्ठ मास दो बार पड़ेगा। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार यह खगोलीय संतुलन का स्वाभाविक परिणाम है, जिससे ऋतु चक्र और धार्मिक तिथियों में सामंजस्य बना रहता है।

### भगवान विष्णु से जुड़ी पौराणिक कथा

पौराणिक मान्यताओं के अनुसार जब इस अतिरिक्त महीने का कोई अधिपति नहीं था, तब भगवान विष्णु ने इसे अपना नाम 'पुरुषोत्तम' देकर इसे पवित्र बना दिया। इसी कारण इसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है। कथाओं में यह भी उल्लेख मिलता है कि हिरण्यकश्यप को वरदान प्राप्त था कि वह वर्ष के 12 महीनों में नहीं मारा जा सकेगा। भगवान विष्णु ने 13वें महीने की सृष्टि कर अधर्म का अंत किया। इस कारण अधिक मास को धर्म की स्थापना और नकारात्मकता के विनाश का प्रतीक माना जाता है। धार्मिक विद्वानों के अनुसार अधिक मास में भगवान विष्णु की उपासना, श्रीमद्भागवत, गीता या अधिक मास महात्म्य का पाठ विशेष फलदायी माना जाता है। यह समय सांसारिक भागदौड़ से अलग होकर आत्मचिंतन और आध्यात्मिक उन्नति का अवसर देता है।


प्रधान संपादक- विजय शुक्ला। कार्यालयः ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ दुर्ग ■ धमतरी ■ बस्तर ■ कवर्धा ■ कांकेर ■ कोरबा ■ कोरिया ■ जशपुर ■ जांजगीर-चाम्पा ■ मनेंद्रगढ ■ मोहला-मानपुर ■ दन्तेवाड़ा ■ महासमुन्द ■ राजनांदगांव ■ रायगढ़ ■ सरगुजा ■ बलौदाबाजार ■ बालोद ■ मुंगेली ■ बेमेतरा ■ सूरजपुर ■ गरियाबंद ■ सुकमा ■ बलरामपुर ■ कोंडागाँव ■ नारायणपुर

## संक्षिप्त समाचार

### बजट में जनआंकक्षाओं के साथ छलावा : विवेक वासनिक



**राजनांदगांव ।** राजगामी संपदा न्यास के पूर्व अध्यक्ष विवेक वासनिक ने बजट को जनआंकक्षाओं के साथ छलावा बताते हुए कड़ी आलोचना की है। इसमें युवा, गरीब, किसान, मध्यमवर्ग को कोई राहत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि बजट में विभिन्न क्षेत्रों के लिए किए गए प्रावधान महज आंकड़ों का झूठा पुलिंदा है, जो हकीकत की धरातल में नहीं उतर पाएंगे। पिछले बजट में किए गए प्रावधानों का ही अब तक क्रियान्वयन नहीं होने से जनता में निराशा है ऊपर से वित्त मंत्री ने ऐसा बजट पेश किया है, जिसका जनता और प्रदेश के विकास से दूर दूर तक सरोकार नहीं है। कागजी आंकड़ों को पेश कर जनता को गुमराह कर रोजी, रोजगार, निर्माण, मूलभूत सुविधाएं जैसे मुख्य मुद्दे से ध्यान भटकाने का प्रयास किया गया है।

### दिग्विजय महाविद्यालय के गौरव बने उज्जवल कसेर, पत्रकारिता परीक्षा में हासिल किया प्रथम स्थान



**राजनांदगांव ।** जिले में पत्रकारिता के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग ने एक बार फिर जिले में अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। हाल ही में घोषित तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में विभाग के छात्र उज्ज्वल कसेर ने जिले भर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 85 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त कर महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि दिग्विजय महाविद्यालय जिले का एकमात्र ऐसा संस्थान है जहां पत्रकारिता का पाठ्यक्रम संचालित होता है, और यहां के विद्यार्थियों ने सदैव शैक्षणिक गुणवत्ता का परिचय दिया है। उज्ज्वल की इस सफलता के साथ ही उर्वशी साहू (83 प्रतिशत) और काजल चंद्राकर (82 प्रतिशत) ने क्रमश: द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त कर विभाग की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाइयां दी हैं। अपनी इस विशिष्ट उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उज्ज्वल कसेर ने विभाग की अध्यक्ष डा. बीएन जागृत व प्राध्यापकों अमितेश सोनकर, रेशमी साहू और विभा सिंह के प्रति हृदय से आभार प्रकट किया और अपनी सफलता का पूरा श्रेय उनके कुशल मार्गदर्शन व प्रेरणादायी शिक्षण को दिया।

### महाविद्यालय वार्षिक उत्सव पर राजनीतिक विवाद, विरोध से पहले नेताओं की गिरफ्तारी

**राजनांदगांव।** जिले के एक प्रमुख महाविद्यालय के वार्षिक उत्सव को लेकर विवाद ने राजनीतिक रूप ले लिया है। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया है कि इस मंच का इस्तेमाल एक विशेष राजनीतिक दल के प्रचार के लिए किया जा रहा है, जो विद्यार्थियों की प्रतिभा और सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के उद्देश्य के खिलाफ है। कांग्रेस का कहना है कि यह कार्यक्रम शैक्षणिक वातावरण से दूर हो चुका है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी कहा कि महाविद्यालय का वार्षिक उत्सव हमेशा से छात्रों की उपलब्धियों और रचनात्मक गतिविधियों को प्रदर्शित करने का अवसर रहा है, जिसमें दलगत राजनीति का कोई स्थान नहीं था। छात्रसंघ से जुड़े पूर्व पदाधिकारियों ने दावा किया कि उन्होंने अपने कार्यकाल में सभी छात्रों को समान अवसर और सम्मान देने की नीति अपनाई थी। नेताओं के मुताबिक, वे इस कार्यक्रम के कथित भाजपाकरण के खिलाफ शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जताने की तैयारी कर रहे थे, लेकिन इससे पहले ही पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कई नेताओं को उनके घरों से हिरासत में ले लिया। कांग्रेस नेताओं ने इसे लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन बताते हुए विरोध जताया है। उनका कहना है कि शांतिपूर्ण विरोध करना उनका संविधानिक अधिकार है।

### छत्तीसगढ़ में आरटीई विवाद : शिक्षा मंत्री के बयान पर सवाल



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव द्वारा शिक्षा के अधिकार (आरटीई) कानून को लेकर दिया गया बयान विवादास्पद हो गया है। अकलतरा विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के सवाल पर मंत्री ने सदन में कहा कि आरटीई के तहत अब केवल कक्षा पहली में प्रवेश दिया जा रहा है और नर्सरी में भर्ती बंद कर दी गई है, क्योंकि यह कानून 6 वर्ष से कम उम्र के बच्चों पर लागू नहीं होता। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने मंत्री के बयान को भ्रामक बताया और इसे आरटीई कानून की गलत व्याख्या करार दिया। पॉल ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह को पत्र लिखकर मंत्री के खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि आरटीई कानून की धारा 12 (1) (ग) स्पष्ट रूप से कहती है कि यदि कोई निजी स्कूल पूर्व-प्राथमिक (नर्सरी/केजी) कक्षाएं संचालित करता है। तो वहां भी 25 प्रतिशत सीटें कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित करना अनिवार्य है।

# कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिला अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

- मरीजों से बातचीत कर जाना हाल चाल, अस्पताल में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिए निर्देश



**विजय मत, बालोद**

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा आज सुबह जिला चिकित्सालय बालोद का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय एवं अस्पताल परिसर में स्थित मातृ-शिशु अस्पताल के विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर अस्पताल के व्यवस्थाओं का गहन पड़ताल किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर मिश्रा ने मरीजों एवं परिजनों से आत्मीय बातचीत कर उनके स्वास्थ्य की स्थिति एवं अस्पताल में उन्हें मिल रहे सुविधाओं के संबंध में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान चिकित्सकों एवं कर्मचारियों के समय पर उपस्थित नही होने पर कलेक्टर ने गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य अस्पताल अधीक्षक को इनके विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने अस्पताल में साफ-सफाई की व्यवस्थाओं का भी गहन पड़ताल किया। मातृ-शिशु अस्पताल में समुचित साफ-सफाई नही पाए जाने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए मौके पर उपस्थित सफाई सुपरवाईजर को कड़ी फटकार लगाई। मिश्रा ने मुख्य अस्पताल अधीक्षक को सफाई ठेकेदार के विरूद्ध कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों एवं सफाई सुपरवाईजर को साफ-सफाई की व्यवस्था में तत्काल सुधार करते हुए संपूर्ण अस्पताल को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। इस मौके पर वनमण्डलाधिकारी श्री अभिषेक अग्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएल उइके, तहसीलदार आशुतोष शर्मा सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने जिला चिकित्सालय के ओपीडी कक्ष, महिला एवं पुलिस वार्ड, ऑपरेशन थियेटर, ब्लड बैंक, फिजियोथेरेपी एवं डायलिसिस वार्ड, आयुष एवं होमियोपैथी विभाग के अलावा मातृ-शिशु अस्पताल में नवजात शिशुओं के गहन देखभाल इकाई, प्रसूति कक्ष आदि विभिन्न वार्डों का निरीक्षण किया।

# जनपद पंचायत मे वर्ष 2025-26 और 2026-27 का बजट सर्व सम्मति से पारित



**विजय मत, छुईखदान**

जनपद पंचायत छुईखदान की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दिनांक 27.02.2026 दिन शुक्रवार को जनपद पंचायत अध्यक्ष पुष्पा प्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। सामान्य प्रशासन समिति की बैठक रखी गई। कोरम पूर्ण होने पर एजेंडानुसार कार्यवाही प्रारंभ हुआ। अध्यक्ष महोदया की अनुमति से केश्वरी देवांगन मुख्य कार्यपालन अधिकारी के द्वारा छत्तीसगढ़पंचायतीराज अधिनियम 1993 व जनपद पंचायत बजट अनुमान नियम 1997 के प्रावधानुसार वर्ष 2025-26 और 2026-27 का अनुमानित बजट तैयार कर समिति के समक्ष चर्चा और अनुमोदन हेतु रखा गया। समिति द्वारा दोनों वर्षों के अनुमानित बजट के आय - व्यय पक्षों के संबंध में विस्तृत चर्चा, व्ययों के परीक्षण एवं ऑडिट रिपोर्ट के अवलोकन उपरांत उपस्थित सभी माननीय सदस्यों के द्वारा सर्व सहमति से दोनों वर्ष का बजट अनुमोदित किया गया ।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026' प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

## वैचारिक अधिष्ठान के लिए प्रशिक्षण जरूरी : प्रेमप्रकाश पाण्डेय

**विजय मत, गरियाबंद**

गरियाबंद के भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय में 27 फरवरी शुक्रवार को 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026' जिला कार्यशाला एवं योजना बैठक आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की शुरुआत मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं राजकीय गीत के साथ हुई।

कार्यशाला को संबोधित करते हुए मुख्यवक्ता वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि भाजपा केवल एक चुनावी दल नहीं, बल्कि एक विचारधारा आधारित संगठन है। इस प्रशिक्षण वर्ग का उद्देश्य कार्यकर्ताओं के मनोबल को बढ़ाना और उन्हें सरकार की जनहितकारी योजनाओं का सजग प्रहरी बनाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं के कौशल विकास और वैचारिक प्रबोधन के लिए इस




महाभियान की रूपरेखा साझा करते हुए कहा कि भाजपा एक विचार आधारित संगठन है, जहां कार्यकर्ता ही शक्ति का केंद्र है।

उन्होंने आह्वान किया कि प्रशिक्षण के माध्यम से कार्यकर्ताओं को नीति, सिद्धांत, संगठनात्मक संरचना और जनसेवा के संस्कारों से समृद्ध किया जाए, ताकि वे समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से पहुंचा सकें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण से कार्यकर्ता प्रखर एवं प्रवीण होते हैं और भाजपा कार्यकर्ता हमेशा कर्मठ, निष्ठावान एवं परिश्रमी होते है।

**पंच परिवर्तन समाजिक जीवन का दर्शन: केदारनाथ गुप्ता-** अपेक्स बैंक चेयरमैन केदारनाथ गुप्ता ने कहा कि यह प्रशिक्षण महा अभियान मंडल स्तर तक आयोजित किया जाएगा, जिसका मुख्य उद्देश्य वैचारिक रूप से दृढ़, संगठनात्मक रूप से सक्षम और समाज सेवा के लिए समर्पित कार्यकर्ताओं का निर्माण करना है। भारतीय जनता पार्टी का यह संकल्प है कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को जन-जन तक पहुंचाकर राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया को और अधिक सशक्त बनाया जाए। यह प्रशिक्षण वर्ग केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा की उस सांगठनिक शक्ति को और अधिक धार देने का माध्यम है, जो तकनीक और विचार के संगम से विकसित भारत के संकल्प को सिद्ध करेगी।

# किसान संगोष्ठी कार्यक्रम में शामिल हुई जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव

- जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव ने किसानों को किया प्रेरित, खेत में पहुंचकर चना व मक्का फसल का किया निरीक्षण

**विजय मत, छुरिया**




कृषि को लाभकारी एवं टिकाऊ बनाने के उद्देश्य से खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बेंलरगोदी में कृषि विभाग द्वारा आयोजित फसल चक्र परिवर्तन एवं किसान संगोष्ठी कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं।कार्यक्रम के दौरान उन्होंने किसानों से सीधा संवाद कर फसल चक्र परिवर्तन के महत्व को विस्तार से समझाया।

उन्होंने कहा कि परंपरागत खेती के साथ-साथ वैज्ञानिक पद्धति अपनाते हुए मक्का एवं चना जैसी वैकल्पिक फसलों को शामिल करना समय की आवश्यकता है, जिससे भूमि की उर्वरता बनी रहे और किसानों की आय में वृद्धि हो सके।इस अवसर पर श्रीमती वैष्णव स्वयं किसानों के खेतों में पहुंचीं और चना व मक्का की फसल का निरीक्षण कर उत्पादन की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने किसानों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि फसल चक्र परिवर्तन न केवल मिट्टी की सेहत सुधारता है, बल्कि जल संरक्षण और लागत में कमी लाने में भी सहायक है।किसान संगोष्ठी में उपस्थित कृषि अधिकारियों ने उन्नत बीज, आधुनिक तकनीक, उर्वरक प्रबंधन एवं कीट नियंत्रण के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। किसानों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए नई पद्धतियों को अपनाने की प्रतिबद्धता जताई।श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने किसानों से आगामी सीजन में अधिक से अधिक क्षेत्र में मक्का एवं चना फसल लगाने का आह्वान करते हुए कहा कि प्रशासन एवं कृषि विभाग हर कदम पर किसानों के साथ खड़ा है। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि जनपद सदस्य चंद्रिका वर्मा, संरपंच सोनम मारावी, भाजपा मंडल गैंदाटोला उपाध्यक्ष कुमार साहू, लेखचंद वर्मा, कृषि विभाग के अधिकारी साहाडे सर, सुदेश पटेल एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# 'मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने निभाया वादा -होली से पहले खातों में पहुंचेगी राशि'

**बेमेतरा।** खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। जिले के उपार्जन केंद्रों में पंजीकृत किसानों से निर्धारित समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई तथा भुगतान डीबीटी के माध्यम से सीधे किसानों के बैंक खातों में अंतरित किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने वादे के अनुरूप प्रति एकड़ 21 क्विंटल एवं 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी सुनिश्चित की। साथ ही पूर्व घोषणा के अनुसार होली पर्व से पहले किसानों को 'कृषक उन्नति योजना' के तहत आदान सहायता राशि प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में जिला बेमेतरा के 1 लाख 54 हजार 995 अन्नदाता किसानों को कुल 631 करोड़ 30 लाख रुपये की आदान सहायता राशि डीबीटी के माध्यम से शनिवार, 28 फरवरी को सीधे उनके बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। होली से पूर्व यह राशि मिलने से जिले के किसानों में उत्साह और प्रसन्नता का वातावरण है। प्रदेश स्तर पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा 25 लाख 28 हजार से अधिक पंजीकृत धान एवं धान बीज उत्पादक किसानों को 10,324 करोड़ रुपये से अधिक की आदान सहायता राशि सीधे खातों में अंतरित की जाएगी।

# मोबाइल दुरुपयोग पर छात्रों का जागरूकता संदेश नुक्कड़ नाटक ने खोली डिजिटल लत की पोल

**विजय मत, बलौदाबाजार**

एक्स्ट्राआर्डिनरी स्कूल द्वारा शहर के विभिन्न क्षेत्रों में छात्रों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का मंचन कर मोबाइल फोन के बढ़ते दुरुपयोग के प्रति लोगों को जागरूक किया। मोबाइल को बनाएं औज़ार, न बनने दें अपनी जान का दुश्मन शीर्षक से प्रस्तुत इस नाटक का उद्देश्य आधुनिक जीवन में मोबाइल की अति निर्भरता से होने वाले दुष्परिणामों को उजागर करना था।

नाटक में छात्रों ने दमदार अभिनय और प्रभावशाली संवादों के माध्यम से डिजिटल युग की वास्तविकताओं को सामने रखा। उन्होंने दिखाया कि एक ही घर में रहने के बावजूद लोग मोबाइल में इतने व्यस्त हो गए हैं कि आपसी संवाद और पारिवारिक संबंध कमजोर पड़ रहे हैं। विद्यार्थियों ने यह भी दर्शाया कि गेमिंग और सोशल मीडिया की लत किस



प्रकार पढ़ाई और एकाग्रता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही है। इसके साथ ही मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से आंखों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव, मानसिक तनाव और सामाजिक अलगाव जैसे गंभीर मुद्दों पर भी प्रकाश डाला गया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि तकनीक का उपयोग ज्ञान और विकास के लिए होना चाहिए, न कि समय की बर्बादी के लिए।

नुक्कड़ नाटक को देखने के लिए बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक और अभिभावक उपस्थित रहे। दर्शकों ने छात्रों के प्रयास की सराहना करते हुए इसे समय की आवश्यकता बताया। एक अभिभावक ने कहा कि आज के दौर में जब छोटे बच्चे भी मोबाइल के बिना नहीं रह पाते, ऐसे में यह पहल समाज के लिए आंखें खोलने वाली है। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. एकता शुक्ला ने छात्रों के उत्साह की प्रशंसा करते हुए कहा कि विद्यालय का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान देना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को जागरूक और जिम्मेदार नागरिक बनाना भी है।

# सोनबरसा में तेन्दूपत्ता संग्रहण हेतु शाखाकर्तन कार्यशाला आयोजित

**विजय मत, कसडोल**

सोनबरसा वन विहार केंद्र,बलौदाबाजार में तेन्दूपत्ता संग्रहण वर्ष 2026 हेतु शाखाकर्तन, संग्रहण एवं भंडारण संबंधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में तेन्दूपत्ता संग्रहण की गुणवत्ता में सुधार, निर्धारित समय-सारिणी के अनुरूप कार्यों का सुचारू संचालन तथा संग्रहण से लेकर परिवहन एवं गोदामीकरण तक की संपूर्ण प्रक्रिया की स्पष्ट जानकारी प्रदान किया गया।कार्यशाला में शाखाकर्तन की वैज्ञानिक विधि, उसके दीर्घकालिक लाभ, गुणवत्ता नियंत्रण के मानक तथा गड्डी बंधाई की निर्धारित प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों द्वारा बताया गया कि वैज्ञानिक पद्धति से शाखाकर्तन करने पर लगभग 40द्ध50 दिनों के भीतर बेहतर गुणवत्ता के पत्ते प्राप्त होते हैं, जिससे संग्रहण लक्ष्य की




पूर्ति के साथ-साथ ग्रामीण हितग्राहियों की आय में भी वृद्धि सुनिश्चित होती है।इसके अतिरिक्त फड़ स्तर पर संग्रहण, पत्तों का उपचार, बोरा भराई, सिलाई, परिवहन पास की प्रक्रिया तथा गोदामीकरण की समुचित व्यवस्था के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान फड़ मुंशी एवं फड़ अभिरक्षक की भूमिका, प्राथमिक वन उपज सहकारी समिति प्रबंधक के दायित्व, भुगतान प्रक्रिया में पारदर्शिता तथा निर्धारित गुणवत्ता मानकों के पालन की आवश्यकता पर विशेष बल दिया गया।

# 7 करोड़ की लागत से 02 वृहद पुल निर्माण कार्य की शिवरतन शर्मा के प्रयासों से मिली स्वीकृति

**विजय मत, भाटापार**

मुख्य बजट 2026-27 में विधानसभा अंतर्गत 07 करोड़ की लागत से 02 वृहद पुल निर्माण कार्य की वरिष्ठ भाजपा नेता शिवरतन शर्मा के प्रयासों से स्वीकृति प्राप्त हुई..इसके अंतर्गत ग्राम मिरगी से तुरमा मार्ग 60 मीटर 03 करोड़ की राशि एवं ग्राम गुर्रा-जोगीद्वीप मेला स्थल मार्ग 70 मीटर 04 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई हैं..

उक्त स्वीकृति के लिए शिवरतन शर्मा ने क्षेत्र वासियो की तरफ से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा एवं सांसद बृजमोहन अग्रवाल सहित सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया..गौरतलब है कि स्थानीय नागरिक लंबे समय से यहां उच्च स्तरीय पुल के निर्माण की मांग कर रहे थे। वर्तमान में रपटा पुल होने के कारण लोगों को ऊंचाई की ओर से होकर आवागमन करना पड़ता है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। पुल निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद यह समस्या समाप्त हो जाएगी



और क्षेत्र की कनेक्टिविटी में बड़ा सुधार होगा। शिवरतन शर्मा ने बताया की इन पुलों के निर्माण से क्षेत्र वासियों को सुगम व सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिलेगी साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी गति मिलेगी।

यह परियोजना ग्रामीण इलाकों में आवागमन को न केवल आसान बनाएगी, बल्कि वर्षा ऋतु में संपर्क मार्गों के बाधित न होने की सुनिश्चितता भी प्रदान करेगी। शिवरतन शर्मा ने कहा की इन पुलों के निर्माण से ग्रामीणों का दैनिक आवागमन, स्थानीय व्यापार, शिक्षा, कृषि और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार संभव होगा। शिवरतन शर्मा ने क्षेत्र वासियों को आश्वस्त किया है कि वे क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे और आने वाले समय में और भी विकास कार्य करवाएंगे।

इस स्वीकृति पर क्षेत्र के रहवासियों, कार्यकर्ताओं और पार्टी पदाधिकारियों ने शिवरतन शर्मा को बधाई देते हुए कहा कि उनके प्रयासों से क्षेत्र का विकास सुनिश्चित हो रहा है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी सक्ती, जिला सक्ती (छ.ग.)**

।। ईश्तहार ।।

क्रमांक / Q/ कार्य. दण्डा./वा./2026
सक्ती. दिनांक 13/02/2026

सर्व साधराण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री धसियाराम पिता/पति अनुज साकिन सक्ती तहसील सक्ती जिला सक्ती ने अपने पिता/माता/पुत्र/पुत्री अनुज ग्राम केरीबंधा तहसील सक्ती जिला सक्ती की मृत्यु प्रमाण पत्र जारी कारी किये जाने नगर पालिका / नगर पंचायत/ग्राम पचायत को आदेशित किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है। उक्त मृतक / मृतिक को दिनाक 27/11/2017 का प्रमाण पत्र जारी किये जाने के संबंध में जिस किसी को दावा आपत्ति हो तो वह दिनाक 06/03/2026 को दावा/आपत्ति पत्र प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि पश्चात पेश दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनाक 13/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**सक्ती, जिला सक्ती ( छ.ग. )**

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी ( रा. ) सक्ती, जिला- सक्ती ( छ.ग. )**

// ईश्तहार //

क्रमांक / Q/ अनु.अधि. / रीडर/2026 सक्ती, दिनांक 20/02/26
रा.प्र.क्र. /अ-2/2025-26 ग्राम-सोंठी, तहसील-सक्ती

एतद् द्वारा आम जनता साकिन सक्ती तहसील सक्ती जिला-सक्ती (छ.ग) को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती राधाबाई जोगी पति राजेश कुमार जोगी निवासी सक्ती तहसील सक्ती जिला-सक्ती (छ. ग.) के द्वारा उनके नाम पर ग्राम सोंठी तहसील सक्ती में स्थित भूमि ख.नं. 355/28 रकबा 0.012 है. भूमि का आवासीय प्रयोजन उपयोग हेतु व्यपवर्तन किये जाने के लिए इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

**अतः** आवेदक के उक्त भूमि का आवासीय प्रयोजन उपयोग हेतु किये जाने पर जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो वे अपनी आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 09/03/2026 को स्वयं या जरिये अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर विधि अनुसार लिखित रूप में पेश कर सकते हैं पेशी तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी ( रा. )**
**सक्ती, जिला- सक्ती ( छ.ग. )**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वावरा आशमा पब्लिशर्स प्राईवेट लिमिटेड , जयस्तभ चौक रायपुर से मुद्रित एवं डी -17, सेक्टर-1 गोंदवारा रोड, एकता नगर गुढ़ियारी रायपुर (छग) से प्रकाशित। **संपादक-** सीता शुक्ला। **प्रधान संपादक-** विजय शुक्ला ।
आर.एन.आई. पंजीयन नं. CHHHIN/2017/75508 (* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायीक क्षेत्र रायपुर (छग) होगा। मो. 8889977997

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्यमंत्री साय ने किया 'गुलाल' होली विशेषांक का विमोचन



**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज छत्तीसगढ़ विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में 'गुलाल' होली विशेषांक का विमोचन किया। वरिष्ठ पत्रकार जगजीत सिंह द्वारा प्रकाशित इस विशेषांक में होली पर्व के सांस्कृतिक, सामाजिक और साहित्यिक पक्षों को समाहित किया गया है। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, भाईचारे और भारतीय परंपराओं की जीवंत अभिव्यक्ति का पर्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकाशन हमारी लोकसंस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मुख्यमंत्री ने इस रचनात्मक पहल के लिए प्रकाशक और उनकी टीम को बधाई दी। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, दीपक विश्वकर्मा, नदीम मेमन तथा श्रमजीवी गिल्ड फाउंडेशन के अध्यक्ष आर.के. गांधी उपस्थित थे।

शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल आजीविका प्राप्त करना नहीं बल्कि ज्ञान और बुद्धिमत्ता प्राप्त कर पूरे समाज का विकास होना चाहिए-श्री रमेन डेका
शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल आजीविका प्राप्त करना नहीं बल्कि ज्ञान और बुद्धिमत्ता प्राप्त कर पूरे समाज का विकास होना चाहिए-श्री रमेन डेका

### नई शिक्षा नीति से मिला हर आयु में शिक्षा प्राप्त करने का अधिकारः राज्यपाल



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल आजीविका प्राप्त करना नहीं बल्कि ज्ञान और बुद्धिमत्ता प्राप्त कर पूरे समाज का विकास होना चाहिए। उन्होंने कहा कि परिवर्तन जीवन का नियम है और शिक्षा हमारे जीवन में कई तरह के सकारात्मक बदलाव लेकर आती है। अगर हम अपनी शिक्षा के माध्यम से समाज में पीछे छूट रहे लोगों का जीवन सुधार पायें उनकी ज़िंदगी बेहतर बना पायें तो हमारा जीवन सफल होगा और इस अनमोल मनुष्य जीवन का सदुपयोग कर पाएंगे। दीक्षांत समारोह में 816 स्नातक, परास्नातक और डॉक्टरेट विद्यार्थियों को उपाधियाँ और पदक प्रदान किए गए। शेल इंडिया की अध्यक्ष और शेल लुब्रिकेंट्स एशिया पैसिफिक की वरिष्ठ उपाध्यक्ष मंसी मदन त्रिपाठी को विश्वविद्यालय द्वारा मानद डॉक्टर ऑफ फिलोसोफी (ऑनोरिस काउसा) से सम्मानित किया गया। राज्यपाल श्री रमेन डेका आज एमिटी विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़ के चौथे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। पं. दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम, रायपुर में आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि अच्छी शिक्षा से ही विकास के लक्ष्य को प्राप्त किया का सकता है। उन्होंने श्री कृष्ण द्वारा भगवत गीता में दिए ज्ञान का ज़िक्र करते हुए कहा कि हमें अपनी अंतर आत्मा से साक्षात्कार करते रहना चाहिए ताकि हम सही और ग़लत में अंतर समझ सकें। अंतरात्मा की सुनेंगे वो आपको कभी ग़लत काम करने नहीं देगी और इसी तरह आप ख़ुद को ईश्वर के नज़दीक पायेंगे और आपको आत्म संतुष्टि प्राप्त होगी। शिक्षा से हम ज्ञान और बुद्धिमत्ता प्राप्त कर सकते हैं। जीवन का एक उद्देश्य होना चाहिए और हमें शिक्षा में भी एक समग्र दृष्टिकोण अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा हमें हमें तकनीक का उपयोग करके जीवनशैली को बेहतर बनाना सिखाती है। लेकिन हमें अपने समाज, राष्ट्र और संस्थान के लिए भी अपना योगदान देना चाहिए।
'झोपड़ी से पक्के आशियाने तक- पीएम जनमन योजना से बदली रनिया बाई की जिंदगी'

### झोपड़ी से पक्के आशियाने तक- पीएम जनमन योजना से बदली रनिया बाई की जिंदगी



**रायपुर।** कभी भिक्षाटन और दिहाड़ी मजदूरी से जीवन यापन करने वाली श्रीमती रनिया बाई के परिवार के लिए हर दिन एक नई चुनौती लेकर आता था। कोरिया जिला के बैकुण्ठपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़तर में रहने वाला यह परिवार कच्ची झोपड़ी में मौसम की मार झेलते हुए जीवन गुजार रहा था। पति अवतार साय के साथ रनिया बाई को जब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत अकुशल श्रम में रोजगार मिलने लगा, तब कुछ राहत मिली, लेकिन स्थायी आवास का सपना अब भी दूर था। परिस्थितियां तब बदलीं जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी पहल पर संचालित 'प्रधानमंत्री जनमन योजना' के अंतर्गत उन्हें पक्के मकान के लिए सहायता स्वीकृत हुई। ग्राम पंचायत के सहयोग और अपनी मेहनत से उन्होंने नया पक्का घर बनाया। अब उनके पास सुरक्षित आवास और शौचालय की सुविधा है। रनिया बाई बताती हैं कि बरसात की रातें अब चिंता में नहीं, सुकून में गुजरती हैं।

# स्मार्ट मीटर पर बढ़ता विश्वास, 72 हजार पाजिटिव फीडबैक

**विजय मत/रायपुर**
भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के निर्देशन में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी व्दारा 9 फरवरी से 23 फरवरी तक प्रदेशव्यापी स्मार्ट मीटर जागरूकता पखवाड़ा का सफल एवं व्यापक आयोजन किया गया। यह अभियान वितरण कंपनी के सभी वितरण केंद्रों, संभागीय एवं जोन कार्यालयों तथा नगरीय निकायों में समन्वित रूप से संचालित किया गया। इसमें लगभग 73 हजार उपभोक्ताओं के फीडबैक प्राप्त हुए, जिसमें उन्होंने स्मार्ट मीटर को पारदर्शी और विश्वसनीय बताया।
इस 15 दिवसीय अभियान के दौरान उपभोक्ताओं की उल्लेखनीय सहभागिता देखने को मिली। मोर बिजली ऐप के माध्यम से कुल 72,966 बिजली उपभोक्ताओं ने अपना फीडबैक दर्ज कराया, जिनमें 52,601 स्मार्ट मीटर उपभोक्ता तथा 20,365 नॉन-स्मार्ट मीटर उपभोक्ता शामिल हैं। यह आंकड़ा उपभोक्ताओं के बढ़ते विश्वास और डिजिटल प्लेटफॉर्म के प्रति उनकी सक्रियता को दर्शाता है।



फीडबैक दर्ज कराने में रायपुर शहर प्रथम स्थान पर रहा, जबकि दुर्ग-भिलाई और बिलासपुर क्रमशः दूसरे एवं तीसरे स्थान पर रहे। संभागवार स्तर पर चांपा डिवीजन से सर्वाधिक 3,077 फीडबैक प्राप्त हुए। जोनवार आंकड़ों में पोंडीमार जोन (कोरबा) से 1,177 फीडबैक दर्ज किए गए, जबकि वितरण केंद्रवार सकरी (बिलासपुर) वितरण केंद्र से सर्वाधिक 757 फीडबैक प्राप्त हुए। स्मार्ट मीटर जागरूकता पखवाड़ा ने न केवल उपभोक्ताओं को तकनीकी रूप से जागरूक किया, बल्कि विभाग और उपभोक्ताओं के बीच संवाद और विश्वास को भी सुदृढ़ किया है। यह पहल पारदर्शिता, जवाबदेही और डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुई है। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर कंपनीज़ व्दारा भविष्य में भी उपभोक्ता हितों को प्राथमिकता देते हुए ऐसे जनहितकारी एवं जागरूकता आधारित कार्यक्रम निरंतर संचालित किए जाते रहेंगे। पखवाड़े का उद्देश्य स्मार्ट मीटर प्रणाली के प्रति उपभोक्ताओं में जागरूकता बढ़ाना, पारदर्शी एवं सटीक बिलिंग व्यवस्था की जानकारी देना तथा डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से उपभोक्ता सहभागिता को सशक्त बनाना था।

अभियान के दौरान नुक्कड़ नाटक, प्रदर्शनी, जनसंवाद, उपभोक्ता शिविर तथा स्थल पर तकनीकी प्रदर्शन के माध्यम से स्मार्ट मीटर की कार्यप्रणाली और उसके लाभों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपभोक्ताओं को बताया गया कि स्मार्ट मीटर से वास्तविक समय में बिजली खपत की निगरानी संभव है, बिलिंग पूर्णतः पारदर्शी एवं सटिक होती है, ओवरलोड या अनियमितता की त्वरित सूचना मिलती है, मीटर रीडिंग की मैनुअल त्रुटियाँ समाप्त होती हैं तथा बिजली चोरी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित होता है।

इसके ऑनलाइन भुगतान सुविधा, ऊर्जा बचत की आदत विकसित करने में इसकी भूमिका तथा मोर बिजली मोबाइल ऐप के माध्यम से खपत, बिल एवं शिकायत संबंधी जानकारी प्राप्त करने की प्रक्रिया भी समझाई गई।

## पिता के साये और आर्थिक तंगी के बीच चिरायु योजना बनी सहारा, अंजलि को मिला नया जीवन

**विजय मत/रायपुर**
छत्तीसगढ़ शासन की अत्यंत महत्वाकांक्षी चिरायु योजना (राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम) आज प्रदेश में उन मासूमों के लिए जीवनदायिनी सिद्ध हो रही है, जो आर्थिक अभाव और सूचना की कमी के कारण इलाज की राह देख रहे थे। बस्तर की जटिल भौगोलिक परिस्थितियों और सुदूर वनांचल ग्रामों में जहाँ शिक्षा और सुगम आवागमन आज भी एक चुनौती है, वहां यह योजना न केवल बीमारियों की पहचान कर रही है, बल्कि बच्चों को उनके स्वास्थ्य का अधिकार दिलाकर धरातल पर एक सुखद बदलाव ला रही है।



विकासखंड बस्तर के ग्राम भोंड की 6 वर्षीय बालिका अंजलि कश्यप की कहानी इसी संकल्प की एक जीवंत मिसाल है, जो जन्मजात नाक के बाहरी ट्यूमर जैसी गंभीर समस्या से जूझ रही थी।

अंजलि के परिवार पर दुखों का पहाड़ तब टूटा जब इलाज की प्रारंभिक प्रक्रिया के दौरान ही उसके पिता का निधन हो गया। इस वज्रपात के बाद शिक्षा की कमी और घर की बिगड़ती आर्थिक स्थिति ने माँ देवकी को इतना हताश कर दिया कि उन्होंने सर्जरी का विचार त्याग दिया और इलाज के लिए स्पष्ट मना कर दिया। ऐसी कठिन परिस्थिति में चिरायु टीम ने उम्मीद का दामन नहीं छोड़ा।

डॉ. गौरव चौरसिया और डॉ. रेखा जैन के नेतृत्व में समर्पित चिकित्सा दल ने बार-बार अंजलि के घर जाकर परिवार को भावनात्मक संबल दिया और बीमारी की गंभीरता समझाते हुए उन्हें उपचार के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के समन्वय से न केवल निःशुल्क इलाज का भरोसा दिलाया गया, बल्कि दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद चिरायु वाहन के माध्यम से अंजलि को जिला अस्पताल महारानी जगदलपुर तक पहुँचाया गया। इस दौरान टीम ने बालिका का आयुष्मान कार्ड बनवाने में भी पूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया। अंततः 12 मई 2024 को रायपुर के नवकार हॉस्पिटल में प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. रमेश जैन द्वारा बालिका की सफल सर्जरी संपन्न की गई, जिससे अंजलि को एक नया चेहरा और नया जीवन प्राप्त हुआ।

इस पूरी प्रक्रिया की सफलता में स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले का विशेष योगदान रहा।

## व्यावहारिक कौशल से समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में चिकित्सक निभाएंगे अग्रणी भूमिक: जायसवाल

■ **स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने डॉक्टरों को दिया प्रमाणपत्र**




**विजय मत/रायपुर**
राजधानी रायपुर के सिविल लाइन स्थित सर्किट हाउस में क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर द्वारा आयोजित पी. जी. डिप्लोमा इन फैमिली मेडिसिन के दीक्षांत समारोह का आयोजन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने समारोह में सफलतापूर्वक डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाले सभी डॉक्टरों को प्रमाणपत्र प्रदान किया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि यह पाठ्यक्रम चिकित्सा पेशेवरों की उत्कृष्ट शिक्षा, समर्पण एवं सेवा भावना को मान्यता प्रदान करता है। फैमिली मेडिसिन की यह विशेष प्रशिक्षण व्यवस्था न केवल चिकित्सकों के कौशल को सुदृढ़ करती है, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग तक गुणवत्तापूर्ण और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अपने संदेश में कहा कि संस्थान से प्राप्त ज्ञान और व्यावहारिक कौशल के माध्यम से ये सभी चिकित्सक समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में अग्रणी भूमिका निभाएंगे तथा प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक सशक्त बनाने में योगदान देंगे। समारोह के दौरान डिप्लोमा प्राप्त करने वाले सभी डॉक्टरों को उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

## लोक निर्माण विभाग ने 5 सड़कों के लिए 109 करोड़ की निविदा को दी मंजूरी

**विजय मत/रायपुर**
राज्य शासन ने बीजापुर, बलौदाबाजार-भाटापारा और रायपुर जिले में 5 सड़कों के लिए 108 करोड़ 96 लाख रुपए की निविदा को मंजूरी दी है। इस राशि से तीनों जिले में पुल-पुलियों सहित कुल 73.86 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री तथा लोक निर्माण मंत्री श्री अरुण साव ने संबंधित कार्यपालन अभियंताओं को अनुबंधित समयावधि में काम पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुए मापदंडों के अनुरूप सभी सड़कों और पुल-पुलियों के निर्माण सुनिश्चित करने को कहा है।

लोक निर्माण विभाग ने बीजापुर जिले में 42.56 किलोमीटर लंबे पिनकोंडा से चेरपाल मार्ग के लिए 47 करोड़ 64 लाख रुपए की निविदा स्वीकृत की है। इस मार्ग में 80 पुल-पुलिया भी बनाए जाएंगे। विभाग ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 7 किलोमीटर लंबाई में पुल-पुलियों सहित रिसदा बायपास मार्ग के निर्माण के लिए 11 करोड़ 91 लाख रुपए के निविदा को मंजूरी दी है। लोक निर्माण विभाग ने रायपुर जिले में 9 किलोमीटर लंबाई के भानसोज-बरछा-मालीडीह-खौली मार्ग के चौड़ीकरण और मजबूतीकरण के लिए 20 करोड़ 17 लाख रुपए की निविदा स्वीकृत की है। इसमें मार्ग में पड़ने वाले पुल-पुलियों के निर्माण भी शामिल हैं। रायपुर में ग्राम चरौदा-धरसींवा में 3.20 किलोमीटर फोरलेन गौरवपथ के निर्माण के लिए 14 करोड़ 81 लाख रुपए तथा रायपुर रेलवे स्टेशन से शदाणी दरबार तक एक्सप्रेस-वे में 12.10 किलोमीटर लंबाई में डामर नवीनीकरण कार्य के लिए 14 करोड़ 43 लाख रुपए की निविदा को भी लोक निर्माण विभाग ने मंजूरी दी है। विभाग ने संबंधित कार्यपालन अभियंताओं को अनुबंधित कार्यों का संपादन और पर्यवेक्षण विभागीय मापदंडों के अनुसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। ये कार्य किसी अन्य को सब-लेट नहीं किए जाएंगे तथा कार्य संपादन के लिए पावर-ऑफ-अटॉर्नी मान्य नहीं होगी। राज्य शासन द्वारा इन निविदाओं की मंजूरी इस शर्त पर दी गई है कि अनुबंध के पूर्व ठेकेदार से एडीशनल परफॉर्मेंस सिक्योरिटी की राशि की बैंक गारंटी जो संपूर्ण कार्यावधि के लिए प्रभावशील हो, प्राप्त कर ली जाए।

## स्व सहायता समूह द्वारा 'आशा बिहान बाजार' की शुरुआत

**विजय मत/रायपुर**
राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एक प्रमुख गरीबी उन्मूलन कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से ग्रामीण, विशेषकर महिलाओं को सशक्त बनाना, वित्तीय सहायता प्रदान करना, और स्थायी आजीविका के लिए स्वरोजगार के अवसर पैदा करना है।



छत्तीसगढ़ शासन की राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) अंतर्गत संचालित लखपति महिला पहल के तहत सरगुजा जिले में स्व-सहायता समूह की महिलाओं द्वारा नवाचार करते हुए आशा बिहान बाजार की शुरुआत की गई है, जिससे अब ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों को सीधे बाजार मिल सकेगा।

जिले के अम्बिकापुर विकासखण्ड अंतर्गत किशुनगर की स्व-सहायता समूह 'आशा बिहान बाजार' की शुरुआत कर महिला स्वावलंबन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। बिहान से प्राप्त आर्थिक सहयोग के माध्यम से अब वे समूह से जुड़ी विभिन्न महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों का संगठित एवं सुव्यवस्थित विक्रय कर सकेंगी।

शुद्ध सरसों तेल, मल्टीग्रेन आटा, अचार और अन्य हस्तशिल्प—को उचित बाजार न मिल पाने के कारण विक्रय में कठिनाई होती थी। आशा रवि ने इस चुनौती को अवसर में बदलते हुए बिहान योजना के तहत मिलने वाली वित्तीय सहायता से स्वयं का बाजार स्थापित किया है।

अम्बिकापुर के भट्ठी रोड में फूडपार्क के सामने स्थित आशा बिहान बाजार में महिलाओं द्वारा नर्मित नेचुरल प्रोडक्ट उपलब्ध होंगे।

**वित्तीय प्रोत्साहन से मिली नई उड़ान-** 'लखपति महिला पहल' के अंतर्गत आशा रवि को कुल 10 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि में से प्रथम किश्त के रूप में 5 लाख रुपये प्रदाय किए जा चुके हैं, जिसका उपयोग कर उन्होंने इस बाजार की नींव रखी। अब इस केंद्र के माध्यम से आसपास के समूहों के उत्पादों का आसानी से विक्रय हो सकेगा, जिससे सैकड़ों महिलाओं की आय में वृद्धि होगी।

**गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हुआ शुभारंभ-** आशा बिहान बाजार卐 का उद्घाटन अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने महिलाओं के इस नवाचार की सराहना करते हुए इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

बिहान योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में किया गया यह प्रयास आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने के साथ-साथ महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक नया एवं महत्वपूर्ण आयाम सिद्ध होगा।

## 120 पूर्व नक्सली पहुंचे विधानसभा की कार्यवाही देखने



**विजय मत/रायपुर**
छत्तीसगढ़ विधानसभा में आज का दिन ऐतिहासिक रहा। विधानसभा के सभापति ने सदन को जानकारी दी कि 120 पुनर्वासित नक्सली विधानसभा की कार्यवाही देखने पहुंचे हैं। सभापति ने कहा कि जो लोग दशकों तक भारतीय संविधान को नहीं मानते थे, वे आज मुख्यधारा से जुड़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को करीब से देखने आए हैं। सदन को बताया गया कि आगंतुकों में 54 महिलाएं और 66 पुरुष शामिल हैं। जैसे ही यह जानकारी दी गई, सदन में मौजूद सभी सदस्यों ने ताली बजाकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर गृहमंत्री ने कहा कि नक्सली संगठन के शीर्ष नेता से लेकर निचले स्तर के कार्यकर्ता तक इस दल में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि शीर्ष नेता अध्यक्षीय दीर्घा में बैठे हुए हैं। गृहमंत्री ने कहा कि जो लोग अब तक गन तंत्र के रास्ते पर थे, वे आज गणतंत्र की मुख्यधारा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने इसे प्रदेश की पुनर्वास नीति और शांति प्रक्रिया की बड़ी सफलता बताया। विधानसभा में इस अवसर को लोकतंत्र की मजबूती और समाज की मुख्यधारा में वापसी के प्रतीक के रूप में देखा गया। बात दें की इससे पहले बीती रात छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने अपने निवास नया रायपुर में आत्मसमर्पित नक्सलियों के साथ विशेष डिनर किया।

## दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण को लेकर राज्यभर में तेज होगा अभियानः कावड़िया

■ **योजनाओं की प्रगति की समीक्षा, प्रशिक्षण व स्वरोजगार को रोजगार से जोड़ने के निर्देश**

**विजय मत/ पाटन**
छत्तीसगढ़ दिव्यांगजन वित्त एवं विकास निगम के अध्यक्ष श्री लोकेश कावड़िया ने कहा है कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप दिव्यांगजनों तक सभी कल्याणकारी योजनाओं का अधिकतम और समयबद्ध लाभ पहुंचाया जाएगा। उन्होंने बिलासपुर प्रवास के दौरान जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की।



अध्यक्ष श्री कावड़िया ने निर्देश दिए कि प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सीधे रोजगार एवं आय सृजन से जोड़ा जाए, ताकि दिव्यांगजन आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने ऋण वितरण प्रक्रिया को सरल और पारदर्शी बनाने तथा अधिकाधिक हितग्राहियों को लाभान्वित करने पर जोर दिया। समीक्षा बैठक में यूडीआई डी कार्ड निर्माण, ऋण प्रकरणों की स्वीकृति, सहायक उपकरण वितरण तथा स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि नियमित शिविरों के माध्यम से पात्र दिव्यांगजनों को चिन्हित कर योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।
प्रवास के दौरान श्री कावडिया ने विशेष विद्यालयों, दिव्यांग संस्थाओं एवं छात्रावासों का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बच्चों एवं प्रशिक्षुओं से संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और शिक्षा, कौशल विकास तथा पुनर्वास सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार के निर्देश दिए।
कावड़िया ने कहा कि राज्य स्तर पर योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी, ताकि किसी भी पात्र दिव्यांगजन को लाभ से वंचित न रहना पड़े और सशक्त, आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

## उपमुख्यमंत्री शर्मा ने म्यूज़ोरामा में देश के तीसरे सबसे बड़े गो-कार्टिंग ट्रैक का किया उद्घाटन

**विजय मत/रायपुर**
छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर अब केवल अपने व्यापार के लिए ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के एडवेंचर स्पोर्ट्स के लिए भी पहचानी जाएगी। प्रदेश के प्रमुख मनोरंजन केंद्र, अम्यूज़ोरामा वाटरपार्क एवं अम्यूज़मेंट पार्क में 26 फरवरी को एक ऐतिहासिक अध्याय जुड़ा, जब छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने पार्क के अत्याधुनिक गो-कार्टिंग ट्रैक का आधिकारिक उद्घाटन किया।

**भारत के टॉप-3 ट्रैक्स में शुमार-** अम्यूज़ोरामा का यह नया गो-कार्टिंग ट्रैक अपनी 700 मीटर की विशाल लैप के साथ पूरे भारत के शीर्ष तीन सबसे रोमांचक ट्रैक्स में शामिल हो गया है। उद्घाटन के अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने रिबन काटकर ट्रैक की शुरुआत की और एडवेंचर के इस नए मानक की सराहना की।



उद्घाटन के पश्चात उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा ने पूरे अम्यूज़ोरामा वाटरपार्क और अम्यूज़मेंट पार्क का सघन निरीक्षण किया। उन्होंने यहाँ की हाई-टेक वॉटर स्लाइड्स, विशाल वेव पूल और बच्चों के लिए बनाए गए विशेष प्ले-ज़ोन का अवलोकन किया।

पार्क की सुविधाओं और व्यवस्थाओं से प्रभावित होकर माननीय उपमुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, छत्तीसगढ़ में पर्यटन और मनोरंजन के क्षेत्र में अम्यूज़ोरामा का यह प्रयास सराहनीय है। यहाँ का 700 मीटर लंबा गो-कार्टिंग ट्रैक न केवल युवाओं के लिए रोमांच का केंद्र बनेगा, बल्कि यह राज्य में खेल पर्यटन को भी बढ़ावा देगा। पार्क में स्वच्छता, सुरक्षा और पारिवारिक माहौल को जिस तरह प्राथमिकता दी गई है, वह प्रशंसनीय है। यह देखकर खुशी होती है कि हमारे प्रदेश में अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं।

**पार्क की मुख्य विशेषताएं और सुविधाएं-**
अम्यूज़ोरामा ने खुद को एक शुद्ध पारिवारिक गंतव्य के रूप में स्थापित किया हैः
सुरक्षा एवं मानकः ट्रैक और राइड्स पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम और प्रशिक्षित विशेषज्ञों की तैनाती।
सात्विक वातावरणः पार्क पूरी तरह से शराब और नॉन-वेज मुक्त है, जो इसे परिवारों और बच्चों के लिए सबसे सुरक्षित स्थान बनाता है। शुद्ध शाकाहारी भोजनः मेहमानों के लिए बेहतरीन कैफे और रेस्टोरेंट, जहाँ शुद्ध शाकाहारी भोजन और रिफ्रेशिंग ड्रिंक्स उपलब्ध हैं।

राष्ट्र को समर्पित
# विजय मत
मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ से प्रकाशित दैनिक समाचार पत्र

www.vijaymat.com
रायपुर, शनिवार, 28 फरवरी 2026



**संस्थापक**
**श्री रामसिपाही शुक्ल**

# बेटियों की सुरक्षा का प्रश्न और समाज की सामूहिक चेतना



**सुरेन्द्र शर्मा**

> मध्यप्रदेश के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से 2026 के बीच महिलाओं और बच्चियों के लापता होने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि दर्ज हुई है। 2020 में 31,405 मामलों से शुरू होकर यह संख्या 2023 में 46,191 और 2024 में बढ़कर 56,780 तक पहुंच गई। यह वृद्धि केवल जनसंख्या या रिपोर्टिंग के बढ़ने से नहीं समझी जा सकती। इसके पीछे उन गहरे सामाजिक और मानसिक बिंदुओं को देखना होगा जो हमारी बेटियों की सुरक्षा को प्रभावित कर रहे हैं। 2025 में यह आंकड़ा लगभग 60,000 के पार चला गया, और 2026 के शुरुआती महीनों में ही 4,197 मामले दर्ज हो चुके थे। यह न केवल प्रशासनिक चुनौती है, बल्कि पारिवारिक और सामुदायिक स्तर पर भी एक गंभीर चेतावनी है।यह भी सामने आया कि इनमें बड़ी संख्या उन मामलों की है ।

मध्यप्रदेश से आई ताज़ा रिपोर्ट केवल मामलों की संख्या नहीं बताती, बल्कि एक ऐसे सामाजिक संकट की ओर संकेत करती है जिसे अब और नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता। प्रदेश में लगातार बढ़ रही बच्चियों और युवतियों के गुम होने की घटनाएँ, प्रेमजाल और छल के माध्यम से की जा रही आपराधिक गतिविधियाँ, और कई बार संगठित रूप से चलाए जा रहे धर्मांतरण-केन्द्रित नेटवर्क, यह सब मिलकर एक बड़ा प्रश्न हमारे सामने रखते हैं—क्या हम अपनी बेटियों की सुरक्षा को लेकर सचमुच जागरूक हैं? या हम उस खतरे को सामान्य मानकर चलते जा रहे हैं, जिसका असर परिवार, समाज और पूरी पीढ़ी पर गहरा पड़ सकता है।

**संकट का बढ़ता दायरा:**मध्यप्रदेश के आंकड़े बताते हैं कि 2020 से 2026 के बीच महिलाओं और बच्चियों के लापता होने के मामलों में चिंताजनक वृद्धि दर्ज हुई है। 2020 में 31,405 मामलों से शुरू होकर यह संख्या 2023 में 46,191 और 2024 में बढ़कर 56,780 तक पहुंच गई। यह वृद्धि केवल जनसंख्या या रिपोर्टिंग के बढ़ने से नहीं समझी जा सकती। इसके पीछे उन गहरे सामाजिक और मानसिक बिंदुओं को देखना होगा जो हमारी बेटियों की सुरक्षा को प्रभावित कर रहे हैं। 2025 में यह आंकड़ा लगभग 60,000 के पार चला गया, और 2026 के शुरुआती महीनों में ही 4,197 मामले दर्ज हो चुके थे। यह न केवल प्रशासनिक चुनौती है, बल्कि पारिवारिक और सामुदायिक स्तर पर भी एक गंभीर चेतावनी है।यह भी सामने आया कि इनमें बड़ी संख्या उन मामलों की है जहां लड़कियों को प्रेम के नाम पर भ्रमित किया गया, फेक पहचान बनाकर सोशल मीडिया से संपर्क किया गया, आर्थिक प्रलोभन दिया गया, या परिवार से अलग कर किसी अन्य जिले और राज्य तक ले जाया गया। यह एक सुनियोजित पैटर्न की ओर संकेत करता है, जो आकस्मिक घटनाओं के बजाय किसी गहन सामाजिक-आपराधिक प्रयास का प्रमाण लगता है।

**प्रेम जाल, धमकी और डिजिटल अपराध—एक नया परिदृश्य:**डिजिटल युग में अपराध का स्वरूप बदल गया है। 18 से 21 वर्ष आयु वर्ग की बच्चियाँ सोशल मीडिया का सबसे सक्रिय उपयोग करती हैं। यही सक्रियता कभी-कभी उन्हें जोखिम के करीब ले आती है। नकली नामों से बनाए गए खाते, प्रोफाइल की आड़ में किए गए संबंध, तस्वीरों का मॉर्फिंग, और भावनात्मक दबाव बनाकर लड़कियों को नियंत्रित कर लेना—ये गतिविधियाँ आज अपराध की नई भाषा बन चुकी हैं।कई मामलों में यह दिखा कि प्रारंभिक मित्रता और रोमांटिक बातचीत के बाद अचानक ब्लैकमेलिंग शुरू हो जाती है। शादी के झूठे वादे, धर्मांतरण का दबाव, वीडियो बनाकर धमकाना और आर्थिक शोषण इस प्रक्रिया का आम हिस्सा है। कुछ मामलों में ऐसा भी हुआ कि लड़की को उसके परिवार से काटकर दूसरे शहर या राज्य में ले जाया गया। कई लड़कियाँ मानसिक दबाव और भय के कारण परिवार या पुलिस से संपर्क करने तक में असमर्थ हो जाती हैं।यह सब मिलकर बताता है कि अपराधी अब केवल सड़क पर नहीं, स्क्रीन के पीछे भी बैठे हैं। सुरक्षा के पारंपरिक उपाय अब पर्याप्त नहीं, बल्कि डिजिटल सतर्कता और भावनात्मक समझ की आवश्यकता पहले से अधिक बढ़ गई है।

कानून, व्यवस्था और समाज के बीच संतुलन

समाधान केवल कठोर कानूनों में नहीं, बल्कि उनकी संवेदनशील, त्वरित और मानवीय कार्यवाही में निहित है। रिपोर्ट में यह उल्लेख है कि उत्तरप्रदेश में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू होने के बाद ऐसे मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज हुई। पुलिस की तत्परता, पीड़िता को सुरक्षित वातावरण, और दोषियों पर कठोर कार्रवाई ने एक सकारात्मक प्रभाव छोड़ा। मध्यप्रदेश में भी 45,000 महिला हेल्पलाइन शुरू करने की योजना इसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।लेकिन हर संवैधानिक व्यवस्था तभी प्रभावी होती है जब समाज स्वयं अपनी जिम्मेदारी स्वीकार करे। कानून अपराध को रोक सकता है, परंतु जागरूक समाज अपराध को पैदा होने से रोक सकता है। यदि परिवार संवाद बढ़ाए, यदि मोहल्ले में विश्वसनीय सामाजिक नेटवर्क बने, यदि स्कूल-कॉलेज में मनोवैज्ञानिक परामर्श और आत्मरक्षा प्रशिक्षण नियमित हों, तो लड़कियाँ न केवल सुरक्षित रहेंगी बल्कि अपने भीतर आत्मविश्वास और साहस की अनुभूति भी करेंगी।

**परिवार—सुरक्षा की पहली दीवार:**समस्या का एक महत्वपूर्ण पहलू यह है कि कई बार परिवारों में संवाद की कमी बच्चियों को बाहर भावनात्मक सहारे की तलाश के लिए प्रेरित करती है। यदि घर में विश्वास का वातावरण न हो, संवाद खुला न हो, और बच्चियाँ अपने अनुभव, दोस्ती या संबंधों के बारे में बोलने से डरें, तो अपराधियों के लिए रास्ता और आसान हो जाता है।यह आलेख हमें याद दिलाता है कि परिवार केवल सुरक्षा नहीं देता, बल्कि वह मानसिक स्थिरता और आत्मसंकल्प की पहली नींव भी रखता है। माता-पिता और अभिभावकों को बेटियों के मनोभाव समझने होंगे। उनका विश्वास, और उनका मार्गदर्शन बेटियों को किसी भी भ्रम, छल या दबाव के विरुद्ध मजबूत बनाता है। जिस घर में बेटी से संवाद सहज हो, वहाँ किसी अपराधी की चाल विफल हो जाती है।

**समाज और समुदाय—सहयोग की अनिवार्य शक्ति:**समाज की सामूहिक चेतना इस समस्या का सबसे महत्वपूर्ण समाधान है। यदि हम हर बेटी को अपनी बेटी की तरह देखें, तो मोहल्ले और कॉलोनियों में ऐसा वातावरण बनेगा जिसमें बच्चियाँ भयमुक्त होकर जी सकें। अपार्टमेंट परिसर, कॉलोनी और कैंपसों में सामुदायिक सुरक्षा समूह, महिलाओं के लिए सेल्फ-डिफेंस कार्यक्रम और नियमित जागरूकता संवाद इस दिशा में उपयोगी कदम हैं।ऐसा समाज जहाँ हर नागरिक संवेदनशील हो, वहाँ संगठित अपराध और प्रेम-जाल जैसी प्रवृत्तियाँ टिक नहीं सकतीं। अपराधी वहीं सफल होते हैं जहाँ सामूहिक जिम्मेदारी कमजोर पड़ जाती है। समाज यदि सतर्क हो, संवेदनशील हो और सहयोगी हो, तो हर बच्ची अपने भीतर यह विश्वास लेकर जीती है कि उसके पीछे पूरा समुदाय खड़ा है।

**डिजिटल सुरक्षा—आज का अनिवार्य कौशल:**आज की बच्चियों के लिए चलना-फिरना जितना ज़रूरी है, उतना ही ज़रूरी डिजिटल सुरक्षा भी है। यह शिक्षा परिवार से लेकर स्कूल और समाज के प्रत्येक मंच पर आवश्यक हो चुकी है। यह समझना कि किससे बात करनी है, किस जानकारी को साझा करना खतरनाक है, कौन-सा प्रोफाइल नकली हो सकता है, लोकेशन शेयरिंग क्या जोखिम पैदा करती है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# शिक्षा में न्यायपालिका: संवाद की जरूरत या विवाद की राजनीति?

एक बार फिर शिक्षा से जुड़ा एक प्रश्न राष्ट्रीय विमर्श के केंद्र में है। शिक्षा मंत्रालय और राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) द्वारा प्रकाशित आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक में हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका शीर्षक अध्याय में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और लंबित मुकदमों का उल्लेख किए जाने पर भारत का सर्वोच्च न्यायालय ने नाराजगी प्रकट की। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की यह टिप्पणी कि किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने नहीं दिया जाएगा केवल एक भावनात्मक प्रतिक्रिया नहीं, बल्कि संस्थागत गरिमा की रक्षा का संकेत है। इसके बाद संबंधित अध्याय को हटाने और बाजार में उपलब्ध पुस्तकों को वापस लेने का निर्णय लिया गया। प्रश्न यह है कि क्या यह केवल एक संपादकीय चूक थी या हमारे शैक्षिक ढांचे में कहीं गहरी संरचनात्मक कमी है? प्रश्न है कि स्कूली बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में जानकारी देने से किस हित की पूर्ति होने वाली है? लेकिन इसमें दो मत नहीं है कि न्यायिक तंत्र के साथ हर क्षेत्र में फैली भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के ठोस उपाय होने ही चाहिए। सबसे पहले यह भी स्वीकार करना होगा कि न्यायपालिका में लंबित मामलों और भ्रष्टाचार जैसे प्रश्न पूरी तरह काल्पनिक नहीं हैं। न्यायालयों में लंबित मुकदमों की संख्या करोड़ों में है, यह एक सार्वजनिक तथ्य है। कुछ मामलों में न्यायिक आचरण पर भी प्रश्न उठे हैं। परंतु उतना ही सत्य यह भी है कि भारतीय न्यायपालिका ने समय-समय पर अपनी स्वतंत्रता, पारदर्शिता और सक्रियता से लोकतंत्र की रक्षा की है। पिछले वर्षों में शीर्ष न्यायाधीशों द्वारा अपनी संपत्तियों का सार्वजनिक विवरण देने की सहमति जैसे कदमों ने संस्थागत पारदर्शिता को सुदृढ़ किया है। ऐसे में प्रश्न यह नहीं है कि समस्या है या नहीं, प्रश्न यह है कि उसे किस भाषा, किस संतुलन और किस शैक्षिक दृष्टि से प्रस्तुत किया जाए।शिक्षा का उद्देश्य केवल तथ्य देना नहीं, दृष्टि देना है। यदि हम बच्चों को यह सिखाते हैं कि न्यायपालिका में भ्रष्टाचार है, तो साथ ही यह भी सिखाना होगा कि न्यायपालिका ने भ्रष्टाचार से लड़ने में कैसी भूमिका निभाई है, उसने प्रशासनिक दुरुपयोग पर कैसे अंकुश लगाया है।

**सूचना**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं। अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# क्या साइलेंट वारियर्स डॉग्स से सबक लेंगे देश में छिपे गद्दार?

**मनोज अग्रवाल**

> टायसन के अलावा आतंकवादियों के विरुद्ध भारतीय सुरक्षा बलों की विभिन्न सैन्य कार्रवाइयों में अनेक मददगार खोजी कुत्तों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 2023 में ही जम्मू के राजौरी जिले में एक आप्रेशन के दौरान 2 आतंकवादियों तक सुरक्षा बलों को पहुंचा कर उन्हें मार गिराने में योगदान देने वाली कैंट नामक एक मादा खोजी डॉग अपने हैंडलर को आतंकवादियों से बचाने की कोशिश के दौरान उस पर चलाई गई गोली से मारी गई थी। कैंट का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया था। ये तो चंद नजीर हैं वास्तव में मददगार वफादार डॉग की सूची में ज़ूम, फैंटम और एक्सल जैसे और भी कई नाम हैं जिन्होंने देश की माटी का ऋण अपने प्राण देकर चुकाया है। आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई में इन खोजी श्वानों का योगदान किसी भी दृष्टि से कम कर नहीं आंका जा सकता है।

पिछले दिनों भारत के सैन्य बल को जम्मू डिवीजन के कठुआ, ऊधमपुर, डोडा और किश्तवाड़ जिलों में आतंकियों के खिलाफ सैन्य कार्रवाई में सेना के डॉग टायसन ने जान पर खेल कर बहतरीन काम किया है यहां तक की आतंकियों की गोलीबारी में सेना का टायसन नामक डॉग जख्मी भी हुआ है। सेना के कुत्ते, जिन्हें अक्सर साइलेंट वॉरियर्स कहा जाता है, सुरक्षा, जासूसी, बारूदी सुरंगों का पता लगाने, तलाशी और बचाव अभियानों में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मेरठ के रीमाउंट और वेटरनरी कॉर्प्स सेंटर में प्रशिक्षित ये कुत्ते जर्मन शेफर्ड, लैब्राडोर, बेल्जियन मैलिनोइस जैसी नस्लों के होते हैं, जो आतंकवाद विरोधी अभियानों में सैनिकों की जान बचाते हैं। दूसरी ओर गौर कीजिए देश में काश्मीर से लेकर कोलकाता तमिलनाडु केरल तक ऐसे सक्रिय और स्लीपर सैल से जुड़े आतंकी और आतंकियों के मददगार पकड़े जा रहे हैं जो इस देश का अन्न जल खाकर भी मजहबी उन्माद और नफरती विषवमन से ग्रसित होकर देश के खिलाफ गद्दारी कर रहे हैं। ये गद्दार देशद्रोही इंसान का जन्म लेकर भी नमक का फर्ज अदा करना तो दूर देश के दुश्मनों के मंसूबों को पूरा करने में मददगार बन रहे हैं ये इन जानवरों में जन्म लेने के बावजूद प्रशिक्षण लेकर देश के लिए काम करने वाले डॉग्स से भी सबक ले सकते हैं।

आपको बता दें हाल ही में सुरक्षा बलों को जम्मू डिवीजन में सक्रिय इन आतंकवादियों का सफाया करने के लिए चलाए जा रहे ऑप्रेशन त्राशि-1 के दौरान आखिरकार 22 फरवरी, 2026 को बड़ी सफलता मिली।जम्मू के किश्तवाड़ के घने जंगल में हुई भीषण मुठभेड़ में भरतीय सेना के जवानों ने एक ढोक भेड़-बकरियां आदि चराने वालों अर्थात गड़रियों द्वारा मौसम बदलने पर रहने के लिए बनाए गए अस्थायी आवास में छिपे हुए आतंकवादियों पर रॉकेट दागकर जैश-ए-मोहम्मद के शीर्ष पाकिस्तानी कमांडर और सात साल से सुरक्षा बलों को चकमा दे रहे 10 लाख के ईनामी सैफुल्लाह सहित तीन आतंकवादियों को मार गिराया।एक रिपोर्ट के अनुसार राकेट दागने से हुआ धमाका इतना जबरदस्त था कि इसके परिणामस्वरूप एक आतंकवादी की खोपड़ी ही पूरी तरह छलनी हो गई तथा तीनों आतंकवादियों के शव पूरी तरह जल गए। मुठभेड़ स्थल से 2 ए. के. 47 राइफलें और भारी मात्रा में युद्धक सामग्री बरामद हुई।गत कुछ वर्षों से ये आतंकवादी लगातार अपनी छिपने के ठिकाने बदलते आ रहे थे और पहाड़ी इलाकों व घने जंगलों का लाभ उठाकर अपना नैटवर्क बनाने में जुटे हुए थे। इस आप्रेशन को सफल बनाने में भारतीय सेना के मददगार डॉग स्कवायड के टायसन नामक खोजी श्वान का बड़ा योगदान रहा। आतंकवादियों के ठिकानों की ओर वही सबसे पहले बढ़ा था।

जानकारी के अनुसार सेना की के नाइन यूनिट का वो बहादुर डॉग जो आतंकवाद के खिलाफ कई ऑपरेशन में हिस्सा रहा लेकिन रविवार को किश्तवाड़ में वो जिस तरह आतंकियों का काल साबित हुआ उसे सुनकर आपको न सिर्फ गर्व होगा वरना आप देश में छिपे गद्दारों पर भी लानत देंगे . जिस वक्त आतंकी सेना पर गोली चला रहे थे. उस वक्त भी टायसन रुका नहीं. बल्कि आतंकियों की ओर बढ़ता चला गया. इस फायरिंग में टायसन को एक गोली भी लग गई. फिर भी वो चट्टान की तरह उनके सामने डटा रहा और गंभीर रूप से घायल होने के बाद भी टायसन ने जवानों को आतंकियों के ठिकाने तक पहुंचाया, जिसके बाद सेना ने जैश के तीन आतंकियों को मार गिराया. इस ऑपरेशन के बाद गंभीर हालत में 'टायसन' एयरलिफ्ट कर अस्पताल पहुंचाया गया वहां आपरेशन के बाद उसकी हालत में सुधार हो रहा है।घायल हो जाने के बावजूद टायसन ने आतंकवादियों का डटकर मुकाबला किया और अंततः उसने आतंकवादियों को सुरक्षा बलों की रेंज में ला दिया और भारतीय जवानों ने उनको ढेर कर दिया। सैन्य रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के जांबाज के नाइन डॉग टायसन ने किश्तवाड़ में आतंकियों से लोहा लेते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया. गोली लगने के बावजूद भी वो चट्टान की तरह उनके सामने डटा रहा. टायसन की मदद से जैश के तीन आतंकी मारे गए. टायसन जैसे जर्मन शेफर्ड डॉग भारतीय सेना की शान हैं, जो कठिन प्रशिक्षण के बाद देश की सेवा करते हैं.

इस सम्बन्ध में जारी एक बयान में कहा गया है कि टायसन की बहादुरी के दम पर व्हाइट नाइट कोर्स, जम्मू-कश्मीर पुलिस तथा सी.आर.पी. एफ. उक्त पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों पर सटीक निशाने साध कर उन्हें ठिकाने लगा सकीं। टायसन एक सच्चा योद्धा सिद्ध हुआ है।

टायसन के अलावा आतंकवादियों के विरुद्ध भारतीय सुरक्षा बलों की विभिन्न सैन्य कार्रवाइयों में अनेक मददगार खोजी कुत्तों ने महत्वपूर्ण योगदान दिया है। एक अखबार की रिपोर्ट के अनुसार इनमें सेना के डोमीनो नामक कुत्ते तथा उसके हैंडलर लक्की कुमार को राजौरी में एक आतंकवादी का पता लगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए 2023 में सम्मानित भी किया गया था।2023 में ही जम्मू के राजौरी जिले में एक आप्रेशन के दौरान 2 आतंकवादियों तक सुरक्षा बलों को पहुंचा कर उन्हें मार गिराने में योगदान देने वाली कैंट नामक एक मादा खोजी डॉग अपने हैंडलर को आतंकवादियों से बचाने की कोशिश के दौरान उस पर चलाई गई गोली से मारी गई थी। कैंट का राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया था।

ये तो चंद नजीर हैं वास्तव में मददगार वफादार डॉग की सूची में जूम, फैंटम और एक्सल जैसे और भी कई नाम हैं जिन्होंने देश की माटी का ऋण अपने प्राण देकर चुकाया है। आतंकवादियों के विरुद्ध कार्रवाई में इन खोजी श्वानों का योगदान किसी भी दृष्टि से कम कर नहीं आंका जा सकता है।

समय समय पर देश की सीमाओं और प्रमुख एतिहासिक स्थलों व्यक्तियों नेताओं अधिकारियों की सुरक्षा को जब जब देश के दुश्मनों ने निशाना बनाने की कोशिश की है भारतीय सुरक्षा बलों के प्रशिक्षण प्राप्त कुत्तों ने जबरदस्त मदद कर दुश्मनों के मंसूबों को नाकाम करने में अपना योगदान दिया है इन खोजी श्वानों के प्रशिक्षण तथा देखभाल को और बेहतर बनाने के साथ-साथ उनके प्रशिक्षकों को भी समुचित पुरस्कार देकर प्रोत्साहित करने की जरूरत है ताकि वे और मुस्तैदी से देश के दुश्मनों का सफाया कर सकें।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# उपभोक्ता कानून में शीघ्र न्याय दिला सकती कृत्रिम बुद्धिमत्ता!

**डॉ श्रीगोपाल नारसन**

उपभोक्ता कानून में एआई (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) का उपयोग रियल-टाइम डेटा विश्लेषण द्वारा खरीदारी के पैटर्न को समझने, शिकायतों के तेजी से निपटान, और क्रेडिट कार्ड धोखाधड़ी को रोकने के लिए किया जा रहा है। यह तकनीक उपभोक्ता सेवा की गुणवत्ता पर नजर रखने में सहायक सिद्ध हो रही है। उपभोक्ता मंत्रालय उपभोक्ताओं की शिकायतो को सुनने और उसका समाधान देने के लिए एआई का इस्तेमाल कर रहा है।एआई के कारण शीघ्र समाधान के चलते डिजिटल शिकायतों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। एआई का उपभोक्ता कानून में उपयोग सन 2023 में पहली बार शुरू किया गया था।आईआईटी बॉम्बे के कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग डिपार्टमेंट के प्रोफेसर डॉ. पुष्पक भट्टाचार्य और उनकी की टीम ने यह चैटबॉट तैयार किया है।साथ ही एनएलएसआईयू बेंगलुरु के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. राहुल हेमराजानी और उनकी टीम ने कानूनी पहलुओं को जोड़ते हुए इस चैटबॉट को प्रशिक्षित किया। डॉ. पुष्पक भट्टाचार्य और डॉ. राहुल हेमराजानी के इस प्रोजेक्ट में उपभोक्ता मंत्रालय नॉलेज पार्टनर था। उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान में एआई बेहद कारगर है।इसी के कारण उपभोक्ता शिकायतों की संख्या व समाधान में इजाफा हुआ है।आंकड़ो पर गौर करे तो

दिसंबर, 2015 देश में जहां 12,553 उपभोक्ताओं की शिकायत दर्ज हुई थीं, वहीं अब यह संख्याआ बढ़कर 1,55, 138 हो गई है।सन 2023 में इन शिकायतों के समाधान में सामान्यतः 66.26 दिन लगते थे, जबकि सन 2024 में यह अवधि घटकर 48 दिन रह गई।वही जिन कंपनियों के खिलाफ शिकायतें अधिक होती हैं, उनको कन्वर्जेंस पार्टनर बनाया जाता है।सन 2017 में ऐसी कंपनियों की संख्यो 263 थी, जो कि अब बढ़कर 1,038 हो गई हैं। एआई बेस प्रोजेक्टब शुरू होने के बाद ये कंपनियां उपभोक्ताओं की समस्याओं को प्राथमिकता दे रही हैं।देश में 53 प्रतिशत से अधिक लोग ऐसे हैं, जो सरकारी पोर्टल का उपयोग नहीं कर पाते हैं। ऐसे में एआई चैटबॉट उनकी मदद करेगा। हाल ही में गपशप प्लेसटफॉर्म ने उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के साथ मिलकर जागृति एआई चैटबॉट लॉन्च किया है,जो उपभोक्ताओं के लिए मील का पत्थर है। कानून के क्षेत्र में एआई न्याएय गुरु देश का पहला एआई आधारित लीगल चैटबॉट है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8652



### बाएँ से दाएँ

1. सरस्वती-3
3. किनारा, तट-3
5. मूल्य, कीमत-2
6. उस समय-2
8. प्रबंध, व्यवस्था-4
10. नमक-3
11. अधीन, मातहत-3
12. संज्ञा, संबोधन-2
13. मार्ग, रास्ता-2
14. तीर्थ, धार्मिक यात्रा-3
16. धुन, आसक्ति-3
18. जमानत-4
20. रहस्य-2
22. पुत्र, तनय-2
23. मुलायम-3
24. गंवार, अनपढ़-3

### ऊपर से नीचे

1. संध्या, सांझ-2
2. असुर, दैत्य-3
3. शोरबा, रसा-3
4. बुरी आदत-2
5. प्रवेश, एडमिट-3
7. वर यात्रा, दूल्हे का जुलूस-3
8. प्रियतम, साजन-4
9. अनाज-2
11. सनसनी, रोमांच-4
14. तृतीय-3
15. सच्चाई, सत्य-2
17. जिसकी नाक कटी हो, वादा फरामोश-3
18. मुंशी, दीवान-3
19. रवैया, तरीका-3
21. आम जनता-2
22. लता, लतिका-2

### शब्द पहेली -8651 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | ना | ह | र | | | आ | | सी |
| रॉ | | म | | फ | स | ल | | ल |
| क | म | ला | क | र | | म | ही | न |
| | | व | | क | म | | र | |
| ब | ना | र | स | | द | र | क | ना |
| | जु | | म | य | | ख | | |
| अ | क | ल | | ती | मा | र | दा | री |
| स | | क | र | म | | खा | | स |
| ली | | वा | | | ह | व | न | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**28 फरवरी 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 07.11 बजे से |
| चंद्र | कर्क में | मेष | 08.42 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 10.22 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 12.20 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.33 बजे से |
| शुक्र | कुंभ में | सिंह | 16.49 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 19.01 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 21.12 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.27 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.43 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मकर | 03.48 बजे से |
| बजे तक | | कुंभ | 05.34 बजे से |

**शनिवार** 2026 वर्ष का 59 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** फाल्गुन **पक्ष** शुक्ल **तिथि** द्वादशी 20.44 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पुनर्वसु 09.35 बजे को समाप्त। **योग** सौभाग्य 17.02 बजे को समाप्त। **करण** बव 09.37 बजे तदनन्तर बालव 20.44 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 10.5 घण्टे **रवि क्रान्ति** दक्षिण 08° 03' **सूर्य** उत्तरायन **कलि अहर्गण** 1872634 **जूलियन दिन** 2461099.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2552 **हिजरी सन्** 1447 **महीना** रमजान **तारीख** 10 **विशेष** गोविन्द द्वादशी।

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ**- **शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने खेलों में भी बढ़ाया संस्थान का गौरव





**विजय मत/बाकोनगर**

वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) के ट्रांसजेंडर कर्मचारियों ने रायपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिता में भाग लिया और छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। विजेता खिलाड़ियों को देश की माननीय राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू और केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार से मुलाकात करने का अवसर मिला। यह उपलब्धि दिखाती है कि बालको अपने कर्मचारियों को कार्यस्थल से आगे बढ़कर सीखने, आगे आने और अपनी प्रतिभा दिखाने के पूरे अवसर देता है।

यह प्रतियोगिता ट्रांसजेंडर समुदाय के सशक्तिकरण के लिए काम करने वाली संस्था 'मिथवा संकल्प समिति' द्वारा आयोजित की गई थी। इसमें सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय और समाज कल्याण विभाग का भी सहयोग रहा। प्रतियोगिता स्वामी विवेकानंद कोटा स्टेडियम में हुई, जिसमें आठ राज्यों से आए 300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया।

इस प्रतियोगिता में बालको की ओर से भाग लेते हुए कर्मचारियों ने न केवल व्यक्तिगत उपलब्धियाँ हासिल कीं, बल्कि संगठन की समावेशी संस्कृति का भी प्रभावशाली प्रतिनिधित्व किया।

बालको में सुरक्षा गार्ड के पद पर कार्यरत आएशा ने 400 मीटर दौड़ में पहला स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि मेरे लिए खेल केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह पहचान, आत्मविश्वास और अपनापन महसूस कराने का जरिया है। ट्रैक पर उतरकर मुझे यह एहसास हुआ कि मैं अपनी जिम्मेदारियों और पहचान से आगे भी बहुत कुछ कर सकती हूँ। ऐसी प्रतियोगिताएँ हमें अपनी क्षमताओं को नए दृष्टिकोण से देखने का अवसर देती हैं।

बालको के सुरक्षा गार्ड कुलेश्वर ने 100 मीटर दौड़ में दूसरा रनर-अप स्थान हासिल किया। उन्होंने कहा कि बालको नियमित रूप से खेल प्रतियोगिता का आयोजन करता है, जिससे कर्मचारियों को सुरक्षित और प्रोत्साहनपूर्ण वातावरण मिलता है। क्रिकेट के लिए आयोजित बालको प्रीमियर लीग और अन्य आंतरिक प्रतियोगिताएँ हमें एक साझा मंच पर जोड़ती हैं, जहाँ टीमवर्क सबसे अहम होता है। ट्रांसजेंडर कर्मचारियों के लिए ऐसे अवसर विशेष मायने रखते हैं, क्योंकि इससे हमें स्वीकार्यता और आत्मविश्वास दोनों मिलता है।

वहीं, बालको में सुरक्षा गार्ड के रूप में कार्यरत अलका नागरवाड़े ने 800 मीटर दौड़ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के मंच आत्मविश्वास बढ़ाने में बहुत मदद करते हैं। कंपनी और बाहरी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से मैंने चुनौतियों का सामना करने की क्षमता विकसित की है। अभ्यास और प्रदर्शन के लिए मिला प्रोत्साहन मेरे आत्मसम्मान को मजबूत करता है। अपनी 800 मीटर की दौड़ का हर पल मैंने पूरे उत्साह के साथ जिया।

यह उपलब्धियां दर्शाति है कि बालको अपने कर्मचारियों को केवल कार्यस्थल तक सीमित नहीं रखता, बल्कि उनके सर्वांगीण विकास को भी महत्व देता है। खेल गतिविधियाँ कर्मचारियों के बीच सहयोग, संवाद और आपसी सम्मान को बढ़ावा देती हैं। कंपनी द्वारा आयोजित बालको प्रीमियर लीग, बैडमिंटन टूर्नामेंट, वॉलीबॉल लीग और अन्य खेल प्रतियोगिताएँ कर्मचारियों को आगे बढ़ने का अवसर देती हैं।राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतियोगिता में बालको के ट्रांसजेंडर कर्मचारियों की सफलता केवल खेल उपलब्धि नहीं है, बल्कि यह उस कार्यस्थल संस्कृति का प्रतीक है, जो आत्मविश्वास, सहभागिता और पारस्परिक सम्मान को निरंतर मजबूत करती है। ऐसे प्रयासों के माध्यम से बालको एक ऐसा वातावरण विकसित कर रहा है, जहाँ हर व्यक्ति सम्मान के साथ आगे बढ़ सके और अपने रुचि व प्रतिभा को पूरे आत्मविश्वास के साथ साकार कर सके।

## सार समाचार



### जैजैपुर के कार्यक्रम अधिकारी पर सरपंचों से पैसा लेते हुए वीडियो वायरल, जिला पंचायत सीईओ ने दिए जांच के निर्देश

**विजय मत/ सक्ती।** जिले के जनपद पंचायत जैजैपुर में पदस्थ कार्यक्रम अधिकारी (पीओ) चंद्रशेखर सूर्यवंशी पर सरपंचों से पैसा लेते हुए वीडियो वायरल मनरेगा की फाइल आगे बढ़ाने के नाम पर सरपंचों से अवैध वसूली करने का गंभीर आरोप लगा है। मामले को लेकर क्षेत्र के कई सरपंचों में नाराजगी देखी जा रही है। आरोप है कि बिना लेन-देन के फाइलों को लंबित रखा जाता है, जिससे विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं। पैसा लेते हुए वीडियो वायरल को लेकर जिला पंचायत सीईओ वासु जैन ने संज्ञान लेते हुए जांच टीम गठन किया वासु जैन ने कहा यदि जांच में आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और सरपंचों ने निष्पक्ष जांच की मांग की है।



### सौर सुजला योजना: किसानों के लिए सिंचाई सुविधा हो रही सुलभ

**विजय मत/मुंगेली।** छत्तीसगढ़ शासन ने अक्षय ऊर्जा को आधार बनाते हुए छत्तीसगढ़ राज्य अक्षय ऊर्जा विकास अभिकरण के माध्यम से किसानों के हित में सौर सुजला योजना प्रारंभ की गई है। इस योजना के अंतर्गत किसानों के खेतों में उपलब्ध बोरवेल अथवा अन्य जल स्त्रोतों पर 03 एच.पी. एवं 05 एच.पी. क्षमता के सौर सिंचाई पंप स्थापित किए जाते हैं, जिन पर राज्य सरकार द्वारा 90 प्रतिशत तक अनुदान प्रदान किया जाता है। इससे लघु एवं सीमांत किसानों के लिए भी सिंचाई सुविधा सुलभ हो सकी है। सौर सुजला योजना न केवल ऊर्जा आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह छत्तीसगढ़ में टिकाऊ एवं बहुफसली कृषि प्रणाली के विकास की आधारशिला भी सिद्ध हो रही है। जिले में इस योजना का प्रभाव विशेष रूप से उल्लेखनीय है। योजना के लक्ष्यानुरूप 240 से अधिक किसानों को लाभान्वित किया गया है, जिसमें मुंगेली विकासखंड के 91, लोरमी के 81 तथा पथरिया के 68 कृषक शामिल हैं, इनमें 155 किसानों के खेतों में सौर सिंचाई पंप स्थापित किए जा चुके हैं, जबकि शेष खेतों में स्थापना कार्य प्रगति पर है। सौर ऊर्जा आधारित इस सिंचाई व्यवस्था ने किसानों को केवल धान की पारंपरिक खेती तक सीमित नहीं रहने दिया, बल्कि वे अब सब्जी, दलहन, तिलहन और अन्य नगदी फसलों की खेती भी कर रहे हैं। इससे उनकी आय में वृद्धि हुई है, खेती की उत्पादकता बढ़ी है तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिली है।

### नन्हे वैज्ञानिकों की नई उड़ान: बस्तर के होनहार विद्यार्थी विज्ञान की दुनिया देखने भुवनेश्वर रवाना

**अम्बिकापुर।** कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा जिला सरगुजा अजीत वसंत के मार्गदर्शन में समग्र शिक्षा (प्रारंभिक) जिला सरगुजा द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा एवं नवाचार क्षमता को प्रोत्साहित करने हेतु जिले के चयनित छात्र-छात्राओं का दल ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र के शैक्षणिक भ्रमण हेतु अंबिकापुर से प्रात: 9 बजे रवाना हुआ।शहर की प्रथम महिला महापौर मंजूषा भगत ने हरी झंडी दिखाकर विद्यार्थियों को शुभकामनाओं सहित प्रस्थान कराया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शासन की यह दूरदर्शी एवं महत्वाकांक्षी योजना ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर के वैज्ञानिक वातावरण से जोड़ने का प्रभावी माध्यम है। ऐसे शैक्षणिक भ्रमण बच्चों की सोच को सीमाओं से बाहर ले जाकर उन्हें विज्ञान, नवाचार और अनुसंधान के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह अनुभव विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास एवं उज्ज्वल भविष्य निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होगा। जिला मिशन समन्वयक सर्वजीत पाठक ने बताया कि राष्ट्रीय अविष्कार योजना के अंतर्गत आयोजित यह शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम आधारित अधिगम को प्रयोगात्मक अनुभव से जोड़ने का महत्वपूर्ण प्रयास है। विज्ञान केंद्र में प्रदर्शित मॉडलों, प्रयोगों एवं वैज्ञानिक अवधारणाओं के प्रत्यक्ष अवलोकन से बच्चों की अनुसंधान प्रवृत्ति, तार्किक सोच एवं नवाचार कौशल का विकास होगा।

# एसडीएम और डीएमसी ने पीएमश्री विद्यालयों का किया निरीक्षण




मुंगेली, / केंद्र शासन की महत्वाकांक्षी पीएमश्री योजना के अंतर्गत संचालित विद्यालयों में शैक्षणिक गुणवत्ता और आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से जिले के पीएमश्री विद्यालयों का नियमित निरीक्षण किया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार मुंगेली एसडीएम अजय शतरंज ने पीएमश्री शासकीय प्राथमिक शाला सोढ़ार का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कक्षाओं में पहुंचकर विद्यार्थियों की शैक्षणिक स्तर की जानकारी ली, शिक्षण कार्य की गुणवत्ता का अवलोकन किया तथा विद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों को विद्यार्थियों की उपस्थिति बढ़ाने, नवाचारपूर्ण शिक्षण पद्धतियों को अपनाने तथा स्वच्छ एवं प्रेरक वातावरण बनाए रखने के निर्देश दिए।

इसी तरह पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला किरना का जिला मिशन समन्वयक श्री अशोक सोनी ने निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय में संचालित गतिविधियों, स्मार्ट क्लास, पुस्तकालय व्यवस्था, मध्याह्न भोजन एवं छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने शिक्षकों से संवाद कर सीखने के परिणामों को बेहतर बनाने पर जोर दिया। गौरतलब है कि पीएमश्री योजना के तहत संचालित विद्यालयों की प्रतिमाह समीक्षा के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। यह अधिकारी नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार सुनिश्चित कर रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य है कि इन विद्यालयों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित कर विद्यार्थियों को

### अंबिकापुर में खुला 'आशा बिहान बाजार', स्वयं सहायता समूह के उत्पादों को मिला मार्केट



**विजय मत/सरगुजा।** जिला हमेशा अपने नवाचार के लिए जाना जाता है. इस बार भी अंबिकापुर में महिला स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने की दिशा में जिला प्रशासन ने एक बड़ा कदम उठाया है. अब समूह की महिलाओं के उत्पादों को ब्रांडिंग और आकर्षक पैकेजिंग भी मिल रही है. इसके साथ ही शहर में नया आउटलेट खोला गया है. जो इन उत्पादों को बेचने के लिए एक मार्केट की तरह काम आ रहा है.अंबिकापुर के भट्ठी रोड में 'आशा बिहान बाजार' नाम से आउटलेट शुरू किया गया है. यहां महिलाओं द्वारा तैयार शुद्ध और देसी उत्पाद मिल रहे हैं. इन उत्पादों की ब्रांडिंग 'छत्तीसकला' के तहत की जा रही है, ताकि प्रदेश के अलग-अलग जिलों में बने सामान को एक प्लेटफॉर्म पर बेचा जा सके.यहां मोरिंगा पावडर, कच्ची घानी सरसों तेल, जीरा फूल चावल और तीखुर आटा जैसे शुद्ध उत्पाद मिलते हैं. पैकेजिंग टीसीपीसी सेंटर में होती है और सामान अलग-अलग गांव की दीदियां बनाती हैं. गांव किशुन नगर की रहने वाली आशा देवी इस आउटलेट की संचालिका हैं.पहले हमारे पास सामान बेचने के लिए स्थायी जगह नहीं थी. लखपति दीदी योजना के तहत 5 लाख रुपये का लोन मिला, जिससे हमने 'आशा बिहान बाजार' शुरू किया.- आशा देवी, संचालिका।

# उपलब्धि गिनाने में नही बल्कि करके दिखाने में है आयुष शर्मा




**विजय मत/सक्ती**

जिला पंचायत चुनाव के एक साल पूरा होने पर सक्ती जिला पंचायत के सभापति व बाराद्वार के युवा भाजपा नेता आयुष शर्मा अन्नपूर्णा ने एक प्रेसवार्ता आयोजन कर अपनी बात रखी साथ ही उन्होंने पत्रकारों के सभी सामान्य और कठिन सवालों के संतुष्टिपूर्ण जवाब देते हुए कहा कि उन्होंने अभी तक जो भी जनहित के कार्य किये है वो तो मात्र शुरुआत है अभी आने वाले समय मे कई ऐसे कार्य होने है जिससे उनके क्षेत्र की कायापलट हो जाएगी

आयुष शर्मा ने बताया कि हमारे एक वर्ष पूरा होने पर समस्त क्षेत्र वासियों मतदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि हमने हर घर जाकर लोगों से सीधी बात किया क्षेत्र की जनता के सुख-दुख में उनके साथ खड़ा होना क्षेत्र को जनता को बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजना छत्तीसगढ़ विद्युत मंडल से कई गांवों तक अतिरिक्त ट्रांसफार्मर व्यवस्था करना बरसात के समय ग्राम सकरेली भाटा में रेल लाइन के किनारे जमा मलवा हटाकर के स्लैब चूड़ी के डलवा कर साथ वैकल्पिक व्यवस्था बनाना छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री स्वेच्छा अनुदान से प्रभारी मंत्री गुरु खुशवंत साहेब के आशीर्वाद से श्री लक्ष्मीकांत धीरहे को ?300000 की राशि प्राप्त कराई गई बाराद्वार विद्युत विभाग को उप संभाग बनाने की मांग सीएम साहब ने तुरंत मंजूरी दी और नगरदा सिवनी को बाराद्वार उप संभाग में जोड़ा गया वर्तमान बजट में जिला बजट में मेरे जिला पंचायत क्षेत्र में संकल्प बजट में सड़क निर्माण कार्य सह चौड़ीकरण एवं मजबूती करण कार्य नया बाराद्वार जैजैपुर चौक से ठठारी 12 किलोमीटर राशि 96 लाख सड़क निर्माण कार्य बासिन से जेठा ब्याहा पासीद खूंटादहरा जिला मुख्यालय तक 10 किलोमीटर राशि 80 लाख रुपए किरारी से नवापारा खुर्द ब्याहा नन्दौर खुर्द 6 किलोमीटर 72 लाख बासीन से डोंगिया 8 किलोमीटर 64 लाख नवीन जिला चिकित्सालय परिसर से मुख्य मार्ग तक दो किलोमीटर 24 लख रुपए इस तरह जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 में संकल्पबजट में जो घोषणा हुई उसकी राशि 3 करोड़ 36 लाख रुपए का काम इस बजट में माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हमारे जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 1 अपने तीसरे बजट में देने की घोषणा की इसके लिए सभी को जिला पंचायत क्षेत्र वासियों की तरफ से हार्दिक आभार व्यक्त किया अंत में सभापति आयुष शर्मा अन्नपूर्णा ने कहा कि मीडिया अभी उनके कार्यो का आंकलन ना करे क्योंकि अभी तो ये शुरुआत मात्र है और वे कहने में नही बल्कि करके दिखाने में यकीन रखते है।

प्रेसवार्ता में जिला पंचायत के सभापति आयुष शर्मा अन्नपूर्णा के साथ बाराद्वार नगर पंचायत के उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, जोगी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष अर्जुन राठौर सहित जिले के सभी पत्रकार बंधु मौजूद रहे।

# एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस एवं नशा मुक्त भारत अभियान पर विद्यार्थियों को किया गया जागरूक



**विजय मत/मुंगेली**

कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशानुसार जिले के शैक्षणिक संस्थानों में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस एवं नशा मुक्त भारत अभियान जनजागरण गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा सहायक संचालक (औषधि) के मार्गदर्शन में मुंगेली ब्लॉक के शासकीय हाई स्कूल रामगढ़, शासकीय गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल मुंगेली एवं लोरमी ब्लॉक के शासकीय आईटीआई लोरमी में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बताया गया कि बिना डॉक्टर की सलाह के एंटीबायोटिक दवाओं का सेवन नहीं करना चाहिए। दवाओं का अधूरा कोर्स छोड़ना या अनावश्यक रूप से एंटीबायोटिक का उपयोग करना एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस को बढ़ावा देता है, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारियों का उपचार कठिन हो सकता है। औषधि निरीक्षक किरण सिंह ने बताया कि केवल पंजीकृत चिकित्सक की सलाह पर ही दवाओं का सेवन करें और निर्धारित अवधि तक दवा का पूरा कोर्स लें। इसके साथ ही नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत तंबाकू, गुटखा, बीड़ी, सिगरेट एवं अन्य नशीले पदार्थों के दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा अपने परिवार और समाज को भी जागरूक करने का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों ने जागरूक नागरिक बनने तथा नशीले पदार्थों से दूर रहने का संकल्प दिलाया गया।

### कोटपा एक्ट के तहत की गई 04 हजार रूपए की चालानी कार्रवाई

*राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत गठित प्रवर्तन दल द्वारा कोटपा एक्ट 2003 की धाराओं के तहत जिले के 53 तम्बाकू दुकानों में कार्रवाई की गई है। औषधि निरीक्षक श्रीमती सुमनलता कंवर ने बताया कि दाउपारा चौक की 11 दुकानों में 01 हजार 100 रूपए व शासकीय स्कूलों के पास की 10 दुकानों में 900 रूपए तथा पड़ाव चौक की 12 दुकानों में 01 हजार रूपए की चालानी कार्रवाई की गई है। इसी तरह लोरमी में 20 दुकानों में 01 हजार रूपए की चालानी कार्रवाई की गई है।*

# ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भी भारतीय टीम को हराया सीरीज 2-0 से जीती




**दूसरे मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिका के अर्धशतक से 9 विकेट पर 251 रन बनाए। प्रतिका ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 81 गेंदों में छह चौके लगाकर 52 रन बनाये।**

**मुम्बई,एजेंसी**

जॉर्जिया, लिचफील्ड की अच्छी बल्लेबाजी से ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने दूसरे एकदिवसीय में भी भारतीय टीम को हराया, सीरीज 2-0 से जीती

होबार्ट (ईएमएस)। जॉर्जिया वोल के शतक 101 रन और फीबी लिचफील्ड के 80 रनों की सहायता से मेजबान ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम ने यहां खेले गये दूसरे एकदिवसीय क्रिकेट मैच में भारतीय टीम को पांच विकेट से हरा दिया। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिका रावल के अर्धशतक से भारतीय टीम ने 9 विकेट पर 251 रन बनाए। इसके बाद जीत के लिए मिले लक्ष्य को ऑस्ट्रेलियाई टीम ने 36.1 ओवरों में ही पांच विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। इस प्रकार तीन मैचों की सीरीज मेजबान टीम ने 2-0 से जीत ली है। ऑस्ट्रेलिया ने पहना एकदिवसीय भी जीता था।

इस दूसरे मैच में भारतीय टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए प्रतिका के अर्धशतक से 9 विकेट पर 251 रन बनाए। प्रतिका ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 81 गेंदों में छह चौके लगाकर 52 रन बनाये। प्रतीका ने स्मृति मंधाना 31 के साथ पहले विकेट के लिए 78 रन बनाये। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर ने भी 70 गेंद पर दो चौकों और एक छक्के की मदद से 54 रन बनाकर पारी को संभाला। अंत में टीम 50 ओवरों में 251 रनों के अच्छे स्कोर तक पहुंच पायी। ऑस्ट्रेलिया ने जॉर्जिया के 101 और लिचफील्ड के 80 रनों की सहायता से तय ओवरों से पहले ही मैच जैच लिया। इस प्रकार

ऑस्ट्रेलिया ने भारतीय टीम के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज जीत का सिलसिला बरकरार रखा है। इस मैच में लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत भी ठीक नहं रही और उसने कप्तान एलिसा हीली का विकेट शुरुआत में ही खो दिया। हीली ने केवल 6 रन बनाये। इसके बाद दूसरे विकेट के लिए 15.4 ओवर में 119 रन बनाकर जॉर्जिया और लिचफील्ड ने अपनी टीम को संभाला। भारत की ओर से भारत की ओर से काशवी गौतम ने 47 रन देकर दो विकेट लिए। जबकि दीप्ति शर्मा ने 32 रन देकर दो विकेट लिए।

## वमेंस फाइनल में सबालेंका 1ह्य रायबकिना

विमेंस सिंगल्स फाइनल में आर्यना सबालेंका का सामना एलिना रायबकिना से होगा। यह मैच रॉड लेवर एरिना में 31 जनवरी को दोपहर 2ः00 बजे से खेला जाएगा। टॉप सीड सबालेंका ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलिया ओपन की विमेंस सिंगल कैटेगरी के सेमीफाइनल में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना को सीधे सेटों में 6-2, 6-3 से हराया।

## श्रीलंकाई क्रिकेट में बदलाव की जरुरत :कुमार

**कोलंबो ।** श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान कुमार संगकार ने अपनी मेजबानी में हो रहे आईसीसी टी20 विश्वकप से टीम के बाहर होने पर निराशा जतायी है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि ये हमारे क्रिकेट भविष्य को लेकर एक चेतावनी भी है, अगर हम अभी नहीं संभले तो इसी प्रकार पिछड़ते जाएंगे। इसलिए अब हमें बड़े बदलाव की जरुरत है।

संगकारा ने कहा, इस प्रकार बाहर होने सो हर तरफ बहुत दर्द है। प्रशंसक टूट चुके हैं, निराश और गुस्से में हैं। खिलाड़ी भी बेहद आहत हैं। मैं ऐसे ड्रेसिंग रूम में रहा हूं, यह आसान नहीं होता। लेकिन देश का प्रतिनिधित्व करना एक जिम्मेदारी भी है और सौभाग्य भी। संगकारा ने खिलाड़ियों के जज्बे को समझते हुए कहा कि यह जिम्मेदारी का हिस्सा है, लेकिन इससे उबरने के लिए बदलाव जरूरी है। संगकारा ने कहा कि इस हार से हमें सबक लेते हुए खेल ढ़ांच में बदलाव करना होगा। साथ ही कहा, हर स्तर पर हमें काफी कुछ करने की जरुरत है।

# खिलाड़ी रिंकू सिंह के पिता का निधन लिवर कैंसर से पीड़ित थे



**नोएडा, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर रिंकू सिंह के पिता खानचंद्र सिंह का आज तड़के निधन हो गया। वह 60 साल के थे और पिछले काफी समय से लीवर कैंसर से पीड़ित थे। उसके पिता को गंभीर हालात में ग्रेटर ग्रेटर नोएडा के यथार्थ अस्पताल में भर्ती कराया गया था पर उन्हें बचाया नहीं जा सका।

लिवर कैंसर फोर्थ स्टेज में पहुंचने के बाद से ही उनकी हालात खराब चल रही थी। इसी कारण रिंकू भी विश्वकप के बीच ही आचानक अस्पताल पहुंचे थे। वह पिछले कुछ समय से गंभीर हालत में होने के कारण वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गये थे। डॉक्टरों ने उन्हें स्थिर करने की कोशिश की थी और लगातार किडनी रिप्लेसमेंट थेरेपी चल रही थी। मगर उनकी हालत संभल नहीं पायी। पिता के निधन के बाद से ही रिंकू के परिवार में मातम छाया हुआ है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने भी रिंकू के पिता के निधन पर शोक जताया है। शुक्ला ने लिखा, क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता श्री खानचंद सिंह जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। इस कठिन घड़ी में मेरी गहरी संवेदनाएं रिंकू और उनके समस्त परिवार के साथ हैं। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और शोककुल परिवार को यह अपार दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

इसके अलावा पूर्व क्रिकेटर

# भारत के खिलाफ शतक नहीं लगा पाने से निराशा हुई : बेनेट

**चेन्नई, एजेंसी**

जिम्बाब्वे के सलामी बल्लेबाज ब्रायन बेनेट भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाफ सुपर-8 मुकाबले में खेली अपनी पारी से संतुष्ट हैं पर उन्हें इस बात का मलाल है कि वह इस मैच में शतक नहीं लगा पाये। बेनेट ने भारतीय टीम के खिलाफ 97 रनों की आक्रामक पारी खेली थी हालांकि अन्य बल्लेबाजों से उन्हें सहायता नहीं मिली। इस मैच में भारतीय टीम से जीत के लिए मिले 257 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए जिम्बाब्वे की टीम छह विकेट पर 184 रन ही बना पायी।




बेनेट ने कहा, अगर मैं शतक पूरा कर लेता तो अच्छा होता। क्रिकेट में कभी-कभी ऐसा ही होता है जब इस प्रकार के अवसर मिलते हैं। मैं हमेशा उस स्थिति में नहीं रहूंगा। मुझे खुशी है कि मैंने अच्छी पारी खेली पर निराशा इस बात की रहेगी कि टीम को जीत नहीं दिला पाया। उन्होंने कहा, जब भी कोई नया बल्लेबाज क्रीज पर उतरता तो मैं उससे यही कहता कि गेंद को अच्छी तरह से देखो और फिर उस पर शॉट लगाओ। मैं क्या कर रहा हूं ये मत देखो, तुम अपना काम करो। हमारे लिए अच्छी साझेदारी निभाना जरूरी था।

बेनेट ने कहा कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को खेलना कठिन था। मैं पहली बार उनके खिलाफ खेल रहा था। वह शीर्ष स्तर के गेंदबाज हैं। मैं बस यही सोच रहा था की गेंद पर अपना ध्यान बनाये रखूं और अपना स्वाभाविक खेल खेलूं। गेंद मेरे करीब थी और मैंने उस पर जोरदार शॉट लगाया।

# लॉस एंजिल्स ओलंपिक में बदले हुए वजन वर्ग में उतरेंगे पहलवान रवि दहिया

**नई दिल्ली ,एजेंसी**

ओलंपिक पदक विजेता पहलवान रवि कुमार दहिया ने कहा है कि उनका लक्ष्य लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतता है और इसके लिए वह तैयारी भी कर रहे हैं। टोक्यों ओलंपिक के 57 किग्रा फ्रीस्टाइल वर्ग में रजत पदक विजेता रवि इसके बाद साल 2024 में पेरिस ओलंपिक में वह जगह नहीं बना पाये और इसी कारण अब वह अपना भार वर्ग बदलकर लॉस एंजिल्स ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं। रवि 57 किग्रा की जगह अब 65 किग्रा भार वर्ग में हिस्सा ले सकते हैं। उनसे देश को अगले ओलंपिक में स्वर्ण पदक की उम्मीद है।

इस खिलाड़ी का कहना है कि वह रजत तक ही सीमित नहीं रह सकते हैं। उनका लक्ष्य स्वर्ण जीतना है। रवि को पहचान 2018 में अंडर-23 विश्व चैंपियनशिप में मिली। तब 57 किलोग्राम भार वर्ग में उन्होंने रजत पदक जीता था। वहीं साल 2019 में विश्व कुश्ती



चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में अपनी जगह पक्की की थी। रवि एशियाई चैंपियनशिप में भी विजेता हैं। 2018, 2020, और 2021 में उन्होंने इसमे स्वर्ण पदक जीते थे।टोक्यो ओलंपिक के बाद उन्होंने साल 2022 में राष्ट्रमण्डल खेलों में भी दहिया ने स्वर्ण पदक जीता था।उनके पिता राकेश दहिया तो किसान हैं, लेकिन उनके चाचा मुकेश दहिया कुश्ती से जुड़े रहे हैं।

इस वजह से रवि को कुश्ती विरासत में मिली है, जिसे उन्होंने अपने प्रयासों से सफल बनाया है।

## स्वर्ण पदक जीता

साल 2019 में विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतकर उन्होंने टोक्यो ओलंपिक में अपनी रवि एशियाई चैंपियनशिप में भी विजेता हैं। 2018, 2020, और 2021 में उन्होंने इसमे स्वर्ण पदक जीते थे।टोक्यो ओलंपिक के बाद उन्होंने साल 2022 में राष्ट्रमण्डल खेलों में भी दहिया ने स्वर्ण

# भारतीय बल्लेबाजों ने 150 से अधिक स्ट्राइक रेट का रिकार्ड बनाया




**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्वकप के अपने दूसरे ही सुपर-8 मैच में जिम्बाब्वे के खिलाफ बड़ी जीत के साथ ही सेमीफाइनल की संभावनाएं बनाये रखने के साथ ही एक नया रिकार्ड भी अपने नाम किया है। इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 4 विकेट खोकर 256 रन बनाए। इस मैच में भारतीय टीम के 6 बल्लेबाज उतरे और सभी ने 20 से ज्यादा रन बनाए और इस दौरान सबका स्ट्राइक रेट 150 से ऊपर का रहा। यह इस टूर्नामेंट के इतिहास में पहला अवसर है, जब किसी टीम के 6 बल्लेबाजों ने 20 से ज्यादा रन बनाए और उनका स्ट्राइक रेट 150 से अधिक रहा। साल 2007 में टी20 विश्वकप शुरु होने से इससे पहले कभी ऐसा देखने को नहीं मिला।

इस मैच में टॉस जीतने के बाद अभिषेक शर्मा के साथ पारी शुरु करते हुए संजू सैमसन ने तेजी से 15 गेंदों में 24 रन बनाकर आउट हो गए। उनका स्ट्राइक रेट 160 का रहा।

## व्यापार

# भारत स्मार्टफोन उत्पादन बढ़ाने नई पीएलआई योजना पर कर रहा है विचार

**मुंबई ,एजेंसी**

भारत सरकार स्मार्टफोन निर्माण को बढ़ावा देने के लिए एक नई उत्पादन से जुड़े प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना लाने पर विचार कर रही है। मौजूदा योजना 31 मार्च को समाप्त हो रही है। इस बार वित्तीय प्रोत्साहन मुख्य रूप से घरेलू मूल्यवर्धन से जोड़ा जाएगा, जिससे स्थानीय विनिर्माण और आपूर्ति श्रृंखला को मजबूती मिलेगी। 2020 में शुरू हुई पांच साल की मौजूदा पीएलआई योजना के तहत कंपनियों को वृद्धिशील निवेश और उत्पादन मूल्य लक्ष्य पूरा करने पर 4-6 फीसदी तक प्रोत्साहन मिलता रहा।

हालांकि निर्यात और प्रत्यक्ष रोजगार पर नजर रखी जाती रही, पर इन्हें अनिवार्य नहीं माना गया। योजना का कुल बजट 34,193 करोड़ रुपये था, लेकिन वास्तविक भुगतान लगभग 20,000 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है। ऐपल के आपूर्तिकर्ता टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स और फॉक्सकॉन, साथ ही सैमसंग और डिक्सन टेक्नॉलजीज (इंडिया) इसका बड़ा हिस्सा प्राप्त करेंगे। सरकार को उम्मीद थी कि घरेलू मूल्यवर्धन वित्त वर्ष 2026 तक 35-40 फीसदी तक बढ़ेगा, लेकिन विशेषज्ञों के अनुसार यह केवल 18-20 फीसदी रह सकता है। 2020 में गलवान सीमा विवाद और प्रेस नोट 3 लागू होने के बाद चीन से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश पर रोक लग गई, जिससे चीन की कलपुर्जा कंपनियों का भारत में प्रवेश प्रभावित हुआ।

इसके परिणामस्वरूप ऐपल ने चीन आधारित आपूर्तिकर्ताओं को भारत लाने की योजना छोड़ दी और स्थानीय व दूसरे देशों की कंपनियों के साथ आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने का विकल्प चुना।



## शेयर बाजार में गौडियम आईवीएफ की बेहतर शुरुआत

फर्टिलिटी सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनी गौडियम आईवीएफ एंड वूमेन हेल्थ ने शेयर बाजार में उम्मीद से बेहतर शुरुआत की। कंपनी के शेयर करीब 5 प्रतिशत प्रीमियम के साथ 79 रुपए के इश्यू प्राइस के मुकाबले 83 रुपए पर लिस्ट हुए। शेयरों की लिस्टिंग एनएसई और बीएसई दोनों पर 83 रुपए पर हुई। हालांकि लिस्टिंग के बाद शेयरों में हल्की मुनाफावसूली देखी गई और वे अपने लिस्टिंग मूल्य से लगभग 1 प्रतिशत नीचे कारोबार करते नजर आए। लिस्टिंग से पहले अनौपचारिक बाजार में कंपनी के शेयर करीब 79 रुपए के स्तर पर कारोबार कर रहे थे। ऐसे में वास्तविक लिस्टिंग प्राइस ग्रे मार्केट के अनुमानों से बेहतर रही, जिसने निवेशकों को सकारात्मक संकेत दिया। आईपीओ को निवेशकों से अच्छा रिस्पांस मिला और यह कुल 7.27 गुना सब्सक्र इब हुआ। 14.62 मिलियन शेयरों के मुकाबले 106.35 मिलियन शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुईं। नॉन-इंस्टीट्यूशनल निवेशकों (एनआईआई) की श्रेणी 14.05 गुना सब्सक्र इब हुई, जबकि रिटेल निवेशकों का हिस्सा 7.60 गुना भरा।

## रुपया गिरावट के साथ हुआ बंद

**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 15 पैसे टूटकर 91.06 पर बंद हुआ। वैश्विक बाजार में रुपया शुक्रवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे टूटकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.95 पर पहुंच गया। विदेशी पूंजी की निकासी और घरेलू शेयर बाजारों की नकारात्मक शुरुआत के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव बना। विदेशी मुद्रा कारोबारियों का

कहना है कि डॉलर के कमजोर होने और वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट ने हालांकि स्थानीय मुद्रा में और अधिक गिरावट को सीमित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 90.91 पर खुला लेकिन बाद में टूटकर 90.95 पर आ गया, जो पिछले बंद भाव से चार पैसे की गिरावट दिखाता है। रुपया गुरुवार को 90.91 प्रति डॉलर पर स्थिर बंद हुआ था।

# सिंगापुर की ठकराल कॉरपोरेशन भारत में ड्रोन कलपुर्जों का करेगा विनिर्माण

**सिंगापुर, एजेंसी**

स्थित ठकराल कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अपने नवीनतम वित्तीय विवरण में भारत में विशेषीकृत और एंटरप्राइज-ग्रेड ड्रोन के विनिर्माण की संभावनाओं का अध्ययन करने की योजना की घोषणा की है। कंपनी का उद्देश्य औद्योगिक और वाणिज्यिक ड्रोन की बढ़ती मांग को पूरा करना और इस कम सेवा प्राप्त बाजार में अवसरों का लाभ उठाना है।

ठकराल की अनुषंगी कंपनी भारत स्काइटेक कृषि ड्रोन क्षेत्र में सक्रिय है और घरेलू विनिर्माताओं को ड्रोन कलपुर्जों का निर्माण और आपूर्ति करती है। इससे समूह को भारत में कृषि ड्रोन खंड में तेजी से विस्तार करने का अवसर मिलेगा। समूह का चीन के डीजेआई टेक्नोलॉजी के साथ समझौता है। अगले 2-3 वर्षों में, ठकराल भारत और अन्य दक्षिण एशियाई देशों में 20-30 डीजेआई रिटेल स्टोर खोलने की




योजना बना रहा है। इनमें प्रमुख शहरों में फ्लैगशिप स्टोर भी शामिल होंगे, जिनकी शुरुआत 2026 की पहली छमाही से होने की संभावना है। ठकराल ने एक उद्योग रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि भारत का ड्रोन बाजार वित्त वर्ष 2023-24 में 50 करोड़ अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 2029-30 तक 11 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच सकता है।

इस तेजी से बढ़ते बाजार में औद्योगिक, वाणिज्यिक और कृषि ड्रोन की मांग मुख्य प्रेरक होगी। ठकराल भारत में ड्रोन घटकों के विनिर्माण, प्रीमियम ब्रांड वितरण (जैसे नेस्प्रेसो) और रियल एस्टेट परियोजनाओं में सक्रिय है। जापान, ऑस्ट्रेलिया और चीन सहित एशिया के कई देशों में इसके परिचालन समूह को तकनीकी और बाजार विस्तार में मजबूत स्थिति प्रदान करते हैं।

# सेबी ने सॉल्यूशन ओरिएंटेड फंड किए खत्म, अब निवेश रणनीति पर फोकस

**मुंबई, एजेंसी**

सेबी ने स्पष्ट किया कि म्यूचुअल फंड का चयन अब नाम या भावुक टाइटल पर नहीं, बल्कि वास्तविक निवेश रणनीति पर आधारित होगा। इसी आदेश के तहत सॉल्यूशन ओरिएंटेड फंड कैटेगरी को पूरी तरह बंद कर दिया गया। इस श्रेणी में कुल 44 फंड थे, जिनमें 15 चिल्ड्रेन फंड और 29 रिटायरमेंट फंड शामिल थे। सेबी ने कहा है कि निवेशकों का पैसा सुरक्षित रहेगा। ये फंड अब हाइब्रिड या मल्टी-एसेट फंड्स में मर्ज कर दिए जाएंगे, जिनका जोखिम प्रोफाइल और रणनीति समान है। हालांकि, इन फंडों में नई निवेश राशि पर तुरंत रोक लगाई गई है। अब निवेशकों के लिए लाइफ स्टाइल फंड मुख्य विकल्प होंगे। इन फंडों की खासियत यह है कि जैसे-जैसे निवेशक की उम्र बढ़ेगी या लक्ष्य के साल करीब आएगा, यह फंड अपने आप रिस्क कम कर देगा। युवा निवेशकों के लिए अधिक इक्विटी और रिटायरमेंट के नजदीक अधिक डेट इंस्ट्रूमेंट्स शामिल होंगे। सेबी ने साफ कर दिया है कि ये फंड लंबी अवधि के लिए हैं, इसलिए बीच में पैसा निकालने वालों पर कड़ा जुर्माना लगेगा- 1 साल के भीतर निकासी पर 3 फीसदी चार्ज, 2 साल के भीतर निकासी पर 2 फीसदी है।

## 1 अप्रैल से 20 फीसदी एथनॉल मिश्रित पेट्रोल बिक्री अनिवार्य

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार ने 1 अप्रैल से देशभर में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) की बिक्री अनिवार्य कर दी है। इस संबंध में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने 17 फरवरी को अधिसूचना जारी की। आदेश के अनुसार तेल विपणन कंपनियों को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कम से कम 95 रिसर्च ऑक्टेन नंबर वाला एथनॉल मिश्रित पेट्रोल बेचना होगा।अधिसूचना में कहा गया है कि विशेष परिस्थितियों में केंद्र सरकार तेल कंपनियों को सीमित अवधि और तय क्षेत्रों में मानकों के अनुरूप ईंधन की बिक्री की अनुमति दे सकती है।

**शेयर मार्केट** इस गिरावट से निवेशकों को पांच लाख करोड़ का नुकसान हुआ है।

# सेंसेक्स 961, निफ्टी 317 अंक गिरा निवेशकों को पांच लाख करोड़ का नुकसान



**मुंबई, एजेंसी**

भारतीय शेयर बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के अंतिम कारोबार दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स अंत में 961.42 अंक टूटकर 81,287.19 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 317.90 अंक फिसलकर 25,178.65 पर बंद हुआ। आज कारोबार के दौरान रियल्टी और ऑटो शेयर गिरे। निफ्टी रियल्टी 2.26 फीसदी और निफ्टी ऑटो 1.86 फीसदी नीचे आये। निफ्टी एफएमसीजी 1.69 फीसदी, निफ्टी मेटल 1.67 फीसदी, निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज 1.55 फीसदी, निफ्टी फार्मा 1.50 फीसदी गिरावट के साथ बंद हुआ। दूसरी तरफ निफ्टी आईटी 0.16 फीसदी, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.17 फीसदी और निफ्टी मीडिया 0.60 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुआ। लार्जकैप के साथ मिडकैप और स्मॉलकैप में भी बिकवाली दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 682.55 अंक टूटकर साथ 59,115.60 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 188.75 अंक फिसलकर 16,928.90 पर था। इस गिरावट से निवेशकों को पांच लाख करोड़ का नुकसान हुआ है।

सेंसेक्स पैक में एचसीएल टेक, ट्रेंट, इन्फोसिस भी लाभ में रहे थे। वहीं सन फार्मा, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, इंडिगो, एमएंडएम, मारुति सुजुकी, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचयूएल, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस, पावर ग्रिड, टाटा स्टील, आईटीसी और एचडीएफसी बैंक के शेयर गिरे हैं। आज आई गिरावट का कारण विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली एफआईआई ने 3,465.99 करोड़ रुपए के इक्विटी की बिक्री की थी। इसके अलावा ईरान-अमेरिका के बीच कोई डील न होना, डॉलर के मुकाबले रुपए में गिरावट और वैश्विक बाजार से कमजोर संकेत शामिल थे।

छत्तीसगढ़ शासन

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 25 वर्षों का उत्सव वर्षों का संकल्प



# किसान हितैषी विष्णु सरकार

## वृहद किसान सम्मेलन

दो साल में विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों के खाते में ₹1.50 लाख करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

- 33,431 करोड़ रूपए समर्थन मूल्य का भुगतान
- 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से राज्य के किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदी
- वर्ष 2025-26 में 141.04 लाख मीट्रिक टन की धान खरीदी
- 11,000 रुपए प्रति एकड़ की दर से दलहन, तिलहन,मक्का,कपास, कोदो-कुटकी-रागी पर भी इनपुट सब्सिडी

जीएसटी 2.0 लागू होने से कृषि उपकरण हुए सस्ते

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि
दो साल में 26 लाख किसानों को ₹10,784 करोड़ वितरित

रबी सीज़न 2023-24 से 2025-26 के बीच

| खाद की खपत | खाद सब्सिडी |
| --- | --- |
| 41,84,850 मीट्रिक टन | ₹7593.22 करोड़ |

# कृषक उन्नति योजना

## अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह

### सभी 146 विकासखण्डों में आयोजन

25.28 लाख किसानों के खातों में

# ₹10,324 करोड़

की आदान सहायता राशि होगी वितरित

## बजट 2026-27 में कृषि क्षेत्र के लिए विशेष प्रावधान

- **₹600 करोड़** दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना
- **₹5,500 करोड़** विद्युत पम्पों हेतु बिजली सब्सिडी
- **₹820 करोड़** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
- **₹250 करोड़** इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय को अनुदान
- **₹170 करोड़** उद्यानिकी विश्वविद्यालय
- **₹170 करोड़** एकीकृत वाटर शेड प्रबंधन कार्यक्रम
- **₹150 करोड़** एकीकृत बागवानी विकास मिशन

S- 47030/111

## 28 फरवरी 2026

खेल मैदान रहंगी, बिल्हा, जिला-बिलासपुर



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क | Visit us : /ChhattisgarhCMO /DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in